जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 24 फरवरी, 2024





## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# गरीबी से मुक्ति सबसे बड़ा सामाजिक न्याय

देश और दुनिया आज भी सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है। सामाजिक न्याय का अर्थ है सभी के लिए समानता और गरिमा। सामाजिक न्याय का मतलब समाज के सभी वर्गों को एक समान विकास और विकास के मौकों को उपलब्ध कराना है। आज विश्वभर में मानवाधिकारों का हनन सबसे बड़ा मुद्दा है। सामाजिक न्याय यह सुनिश्चित करता है कि समाज का कोई भी शख्स वर्ग, वर्ण या जाति की वजह से विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए।

और यह तभी संभव है जब समाज से गैर बराबरी और भेदभाव को हटाया जाए। हाल ही के विभिन्न आर्थिक सर्वेक्षणों पर यकीन करें तो हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों में गरीबी और अमीरी के बीच खाई बढ़ती ही जा रही है। इसका मतलब साफ है गरीबों के आय में गिरावट और अमीरों की आय में वृद्धि होती जा रही है। विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान लगाए गए लॉकडाउन और अन्य बंदिशों का सबसे अधिक असर कमजोर वर्ग पर पड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में जहां गरीबों की आमदनी में 53 फीसदी की गिरावट देखी गई है, वहीं अमीरों की कमाई में लगातार वृद्धि हुई है। हालाँकि भारत ही नहीं अपितु दुनियाभर में कोरोना महामारी कहर बन कर टूटी है। गौर करने वाली बात है दुनियां से जब तक अमीरी और गरीबी की खाई नहीं मिटेगी तब तक आम आदमी को सामाजिक न्याय प्राप्त करने की बातें बेमानी कही जाएगी। चाहे जितना चेतना और जागरूकता के गीत गालों से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी वंचितों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यथेष्ट कार्य करना चाहिए। रोटी, कपड़ा, मकान, सुरक्षा, चिकित्सा, अशिक्षा, गरीबी, और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने की जरूरत है। अब तो यह मानने वालों की तादाद कम नहीं है कि जब तक धरती और आसमान रहेगा तब तक आदमजात अमीरी और गरीबी नामक दो वर्गों में बंटा रहेगा। शोषक और शोषित की परिभाषा समय के साथ बदलती रहेगी मगर भूख और गरीबी का तांडव कायम रहेगा। अमीरी और गरीबी का अंतर कम जरूर हो सकता है मगर इसके लिए संपन्न और विकसित देशों को अपनी मानसिकता बदल कर कमजोर देशों को समुचित सहायता सुलभ करानी होंगी। सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए अमीरी और गरीबी की बाधा को पाटना जरुरी है।

सामाजिक न्याय व्यक्ति और समाज के बीच समान और न्यायपूर्ण संबंधों का दर्शन है। यह धन के वितरण, व्यक्तिगत गतिविधि के अवसरों और सामाजिक अधिकारों से निर्धारित होता है।

पश्चिमी और पुरानी दोनों एशियाई संस्कृतियों में, सामाजिक न्याय की अवधारणा अक्सर यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को संदर्भित करती है कि व्यक्ति अपनी सामाजिक भूमिकाएँ निभाएँ और समाज से वह प्राप्त करें जो उनका उचित है। वर्तमान वैश्विक जमीनी स्तर के सामाजिक न्याय आंदोलनों में, सामाजिक गतिशीलता की बाधाओं को तोड़ने, आर्थिक न्याय के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**महात्मा गाँधी, अम्बेडकर और डॉ. लोहिया जैसे महापुरुषों ने देश में समतामूलक समाज का सपना संजोया था। संविधान में भी बराबरी के बीज का बीजारोपण किया था। इसका एक मात्र उद्देश्य यह था की कोई भी धर्म और जाति से छोटा-बड़ा नहीं होगा। सब बराबर होंगे, अमीर-गरीब के बीच विषमता नहीं होगी।**

भारत की बात करें तो मोदी सरकार ने देश में सामाजिक और आर्थिक विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समुचित रूप से पहुँचाने का प्रयास अवश्य किया है। मगर चिंता की बात है यह है की तमाम प्रयासों के बावजूद अरबपतियों की संख्या में बढ़ोत्तरी संपन्न अर्थव्यवस्था का संकेत नहीं है। यह असफल आर्थिक व्यवस्था का एक लक्षण है। अमीरी और गरीबी के बीच बढ़ता विभाजन लोकतंत्र को कमजोर करता है। सामाजिक न्याय का मतलब समाज के सभी वर्गों को एक समान विकास और विकास के मौकों को उपलब्ध कराना है। आज विश्वभर में मानवाधिकारों का हनन सबसे बड़ा मुद्दा है। सामाजिक न्याय यह सुनिश्चित करता है कि समाज का कोई भी शख्स वर्ग, वर्ण या जाति की वजह से विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए। और यह तभी संभव है जब समाज से गैर बराबरी और भेदभाव को हटाया जाए।

महात्मा गाँधी, अम्बेडकर और डॉ. लोहिया जैसे महापुरुषों ने देश में समतामूलक समाज का सपना संजोया था। संविधान में भी बराबरी के बीज का बीजारोपण किया था। इसका एक मात्र उद्देश्य यह था की कोई भी धर्म और जाति से छोटा-बड़ा नहीं होगा। सब बराबर होंगे, अमीर-गरीब के बीच विषमता नहीं होगी।

मगर आजादी के 75 वर्षों बाद भी हमारा गैर बराबरी समाप्त करने का सपना पूरा नहीं हुआ। अमीर अधिक अमीर होता चला गया और गरीब के तन के कपडे भी खत्म हो गए। समाज में भेदभाव बढ़ गया, जिसके फलस्वरूप रोटी, कपडा और मकान की हमारी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हुई और हम इसी में उलझ कर रह गए। हमने प्रगति अवश्य की मगर अपनी मानसिकता में कोई बदलाव नहीं किया। छोटे-बड़े की खाई बढ़ती गई। समाज का संतुलन बिगड़ गया। हालत यहाँ तक हो गई कि शिक्षा भी अपने बच्चों को मनमाफिक नहीं दिला पाए। नौकर और मालिक की स्थिति समाज में पैदा हो गई। बेरोजगारी बढ़ गई और न्यूनतम जरूरतों के लिए भी आम आदमी जूझने की स्थिति में पहुँच गया। सामाजिक न्याय हमारे लिए अभिशाप बन गया। जब तक समाज में असंतुलन की खाई नहीं पटेगी तब तक सब को न्याय नहीं मिलेगा।

नीति आयोग द्वारा हाल ही जारी एक अध्ययन के अनुसार पिछले नौ वर्षों में भारत में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से उबर गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहा कि दलित, ओबीसी और आदिवासी उनकी सरकार की गरीब समर्थक योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। कुल मिलाकर देखा जाये तो देश की गरीबी आंकड़ों के मायाजाल में फंसी दिखाई दे रही है। मगर यह अवश्य कहा जा सकता है कि पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन के प्रयास जरूर सिरे चढ़े है। सरकारी स्तर पर यदि ईमानदारी से प्रयास किये जाये और जनधन का दुरूपयोग नहीं हो तो भारत शीघ्र गरीबी के अभिशाप से मुक्त हो कर सामाजिक न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। समाज के गरीब, शोषित और पिछड़े तबके को बराबरी हक दिलाना ही सामाजिक न्याय है।

सामाजिक विषमता को समाप्त कर हम सामाजिक न्याय के लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और इसके लिए सब के सामूहिक प्रयासों की जरुरत है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 24 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2080, मघा नक्षत्र रात्रि 10:21 तक, अतिगंड योग दिन 1:34 तक, बव करण सांय 6:00 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मेष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सत्यव्रत, माघी पूर्णिमा, होलिका रोपण, भैरव जयंती, माघी मासम है। आज माघ स्नान समाप्त होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:25 से 9:50 तक, चर 12:40 से 2:05 तक, लाभ-अमृत 2:05 से 4:55 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:00, सूर्यास्त 6:20



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।



**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।



**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# औद्योगिक घरानों का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान



अविनाश जोशी

आज भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत नाजुक मोड़ पे है। हमारे पास प्रगति एवम विकास के अनेकों आयाम है एवम हम लोग धीरे-धीरे सफलता हासिल कर भी रहे है इसका मुख्य कारण हमारी अर्थव्यवस्था खुलेपन की नीति को बढ़ावा देना जानती है यही कारण है की आज भारत में अनेकों बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना जाल फैला के व्यवसाय को बढ़ा रही है। इस परिदृश्य में हमारे औद्योगिक घरानों के सामने अनेक चुनौतियां मंडरा रही है वक्त रहते इन्हे भी विश्व के विकसित देशों के पैमाने पे कार्य करना होगा। हमारे घराने देश की प्रतिभाओं को देश में नही रोक पा रही है विश्व का सबसे ज्यादा प्रतिभा पलायन हमारे देश से हो रहा है। घरानों का उद्देश्य अगर केवल पैसा कमाना है तो आने वाला वक्त बहुत कठिन है। तकनीकी एवम शिक्षा का स्तर विश्व में रोज नए नए आविष्कार इजाद करता है एवम हम इस दौड़ में पीछे रह जाते है।

औद्योगिक घराना से तात्पर्य ऐसे घरेलू उद्योग समूह से है, जो राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके कई औद्योगिक कार्य एवम क्षेत्र होते हैं तथा इनकी पूंजी विभिन्न क्षेत्रों में निवेशित होती है। भारत में स्वतंत्रता के पूर्व से ही कई औद्योगिक घरानों ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता के बाद मिश्रित क्षेत्र की अवधारणा के अंतर्गत निजी क्षेत्र एवं औद्योगिक घरानों की आर्थिक विकास में भूमिका स्वीकार की गई तथा इनका योगदान लिया जाता रहा है। इन्हें भारतीय आर्थिक नीति के निर्धारण में सहयोगी बनाया जाता है।

टाटा समूह, बिरला समूह, बजाज समूह, रिलायंस समूह, बांगुर समूह, डालमिया समूह तथा महिंद्रा समूह इस प्रकार के औद्योगिक घराने हैं, जिनका योगदान राष्ट्र के विकास में व्यापक है। यह सभी कंपनियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों का रूप ले चुकी है। वर्तमान में इनका योगदान विभिन्न क्षेत्रों तथा आधारभूत संरचना, उर्जा, संचार, मोटर-वाहन व बीमा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राकृतिक विपदा में भी इन घरानों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है यह सरकार के अलावा विपदा पीड़ित लोगों को आर्थिक रूप से मदद करते हैं।

बीते कुछ सालों में कुछ कंपनियां ऐसी रहीं, जिनकी विदेश में भी पहचान बनी। एक समय में भारतीय कंपनियों को विदेश में ज्यादा इज्जत नहीं मिलती थी, लेकिन कुछ कंपनियों ने विदेश में भी सफलता के झंडे गाड़कर देश का नाम रोशन किया। वहीं, कुछ कंपनियों को नुकसान के चलते कारोबार समेटना पड़ा। कुछ कंपनियां आज भारी कर्ज या घाटे के कारण संकट के दौर से गुजर रही हैं। सरल शब्दों में औद्योगिक घराना एक समूह एक बहु-उद्योग कंपनी है। एक समूह में अनेक कंपनियां शामिल होती है जो पूरी तरह से अलग-अलग उद्योगों में कई व्यावसायिक संस्थाओं की देखरेख करती है।

औद्योगिक घराने एक सार्वजनिक या निजी संरचना वाले व्यवसाय हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली विभिन्न कंपनियों का एक समूह बनाते हैं। व्यावसायिक घराने किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और देश की जीडीपी में एक प्रमुख योगदानकर्ता हैं। कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के औद्योगिक परिदृश्य की पहचान विभिन्न व्यावसायिक समूहों द्वारा की जाती है। भारत में, 90 प्रतिशत व्यवसाय पारिवारिक स्वामित्व वाले हैं। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जैसा कि हम जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है जहाँ सार्वजनिक और निजी दोनों खिलाड़ियों को विकास प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति है।

भारत में कुछ औद्योगिक घरानों ने उस देश के औद्योगीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो 20वीं सदी के मध्य तक मुख्य रूप से कृषि अर्थव्यवस्था थी। कई औद्योगिक घराने स्वतंत्रता-पूर्व से ही अस्तित्व में हैं, फिर भी कुछ ऐसे भी हैं जो स्वतंत्र भारत में उभरे और उन्होंने देश में औद्योगिक विकास की दिशा में सराहनीय भूमिका निभाई। देश की आजादी के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था उतार-चढ़ाव से गुजर रही है। 1947 में, भारत एक खुली अर्थव्यवस्था थी लेकिन 1950 के दशक के मध्य तक, बड़ा व्यवसाय एक बुरा शब्द था और जल्द ही सरकार ने बड़ी कंपनियों के विकास पर नियामक सीमाएं लगा दीं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ अर्थव्यवस्था के केंद्र में थीं। 1991 में आर्थिक नीति एक पूर्ण व्यवस्था में आ गई, जब पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने सुधार शुरू किए और अर्थव्यवस्था को उदार बनाया। बड़े व्यवसाय और विदेशी पूंजी अब उपहास के बजाय इच्छा की वस्तु बन गए थे।

इस पूरे बदलाव के दौरान, भारतीय अर्थव्यवस्था की एक विशेषता अत्यंत महत्वपूर्ण रही एवम उभर के आई वो थी परिवार के स्वामित्व वाले उद्यमों का प्रभुत्व। शीर्ष 20 व्यावसायिक समूहों में से पंद्रह बड़े घराने के स्वामित्व वाले हैं। लेकिन, इस स्पष्ट यथास्थिति के तहत, एक बड़ा मंथन हुआ है। मुट्ठी भर को छोड़कर, अधिकांश घराने-स्वामित्व वाले समूह किनारे हो गए हैं। विशेषज्ञ इस मंथन का श्रेय घराने के अनुकूलन क्षमता कारक को देते हैं। "जिन समूहों ने 1956 के औद्योगिक लाइसेंसिंग या 1991 के बाद के बाजार सुधारों जैसे नए वातावरण को अपनाया, उनका विकास जारी रहा, जबकि अन्य रडार से गायब हो गए।" उदाहरण के लिए, 1969 के अविश्वास-विरोधी एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार (एमआरटीपी) अधिनियम ने बड़े व्यवसायों के विकास पर सीमाएं लगा दीं, जिसका सीधा असर प्रमुख घरानों एवम समूहों पर पड़ा।

1991 के आर्थिक सुधारों ने इस विचार को एक बार फिर तेज कर दिया। वर्तमान शीर्ष 20 व्यावसायिक समूहों में से नौ का उदय सुधारों द्वारा प्राप्त अवसरों के कारण हुआ है – औद्योगिक लाइसेंसिंग का उन्मूलन, पूंजी की मुक्त सीमा पार आवाजाही, और निजी क्षेत्र के लिए बैंकिंग, बुनियादी ढांचे और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों को खोलना। देश आजादी का 76वां सालगिरह मना रहा है। मतलब देश को आज़ाद हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं। इन 75 सालों में भारत ने औद्योगिक क्षेत्र में काफी विकास किया है। इसी की देन है कि आज भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया के टॉप देशों में शुमार हो चुका है।

इन 75 सालों में कुछ कंपनियां ऐसी रहीं, जिनकी विदेश में भी पहचान बनी। एक समय में भारतीय कंपनियों को विदेश में ज्यादा इज्जत नहीं मिलती थी, लेकिन कुछ कंपनियों ने विदेश में भी सफलता के झंडे गाड़कर देश का नाम रोशन किया। वहीं, कुछ कंपनियों को नुकसान के चलते कारोबार समेटना पड़ा। कुछ कंपनियां आज भारी कर्ज या घाटे के कारण संकट के दौर से गुजर रही हैं। औद्योगिक घरानों को विश्व की अर्थव्यवस्था के अनरूप ढालना होगा एवम विकास की दौड़ में साथ साथ भागना होगा। घराने आज भी विदेशी कंपनियों से कॉलोब्रेशन के पीछे भागते रहते है एवम इन कंपनियों की तकनीकी से अपना व्यापारिक लाभ बड़ाना चाहते है। इसके बेहतरीन उदाहरण है– हीरो होंडा, मारुति सुजुकी, हमे अपनी तकनीकी पे काम करना होगा आखिर कब तक हम विदेशी तकनीकी एवम ब्रांड्स का मोह नहीं छोड़ पाएंगे। आज भी भारत का एक अत्याधुनिक तबका विदेशी कार के अलावा कोई कार रखना अपनी तौहीन समझता है।

औद्योगिक घरानों को मूल्यों एवम भारतीय जनमानस के अनुरूप कार्य करना होगा। अपने सीएसआर बजट का एक बड़ा हिस्सा प्रतिभा पलायन को रोकने में लगाना चाहिए जिससे आने वाले वक्त में हमारी प्रतिभाएं हमारे देश का नाम ऊंचा करे। आज पूरा विश्व हमे देख रहा है एवम हमारे सिद्धांतो एवम विचारो को अपना रहा है हमारे औद्योगिक घरानों को भी स्वदेशी विचार पे कार्य कर देश के विकास में सहभागी बनना होगा।

**अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार।**

# शिल्पग्राम में ''ऋतु वसंत'' उत्सव का आगाज़

- **शास्त्रीय और पार्श्व गायिका रोंकिनी गुप्ता के सुरों और आरती के कथक ने बांधा समा**

**उदयपुर, (कासं)।** शिल्पग्राम में वसंत की भीनी-भीनी बयार के बीच जब प्रसिद्ध शास्त्रीय और पार्श्व गायिका रोंकिनी गुप्ता की रेशमी आवाज में विलंबित ख्याल की स्वरलहरियां फिजा में घुलीं तो जहां समूचा शिल्पग्राम क्लासिकल के सागर में गोते लगाने लगा, वहीं इसमें प्रयुक्त राग बागेश्वरी भी मानो रोंकिनी से सधे सुरों में निबद्ध होकर खुद को धन्य मान रही थी। शुक्रवार को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से शिल्पग्राम में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय "ऋतु वसंत उत्सव" के पहले दिन की क्लासिकल प्रस्तुतियां दी गई।



उदयपुर के शिल्पग्राम में तीन दिवसीय ''ऋतु वसंत' का आगाज हुआ।

केंद्र का यह शास्त्रीय संगीत व नृत्य को समर्पित प्रोग्राम साल 2016 से निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है और इसमें देश के कई प्रसिद्ध कलाकार मेवाड़ के कलाप्रेमियों के रूबरू हो चुके हैं।

रोंकिनी गुप्ता ने विलंबित एकताल में बड़ा ख्याल की 'नीके लागे तोरे नैन' की बंदिश पेश की तो तमाम कला प्रेमी सुरों में जैसे खो से गए। इसके बाद मध्य लय की बंदिश 'धीर कैसे धरूं सजनी...' की पेशकश पर क्लासिकल के जानकारों का हृदय झंकृत कर दिया, तो द्रुत लय एकताल में 'अचर ना धरो मुरारी...' और राग हंसध्वनि में रूपक में 'तराना' की प्रस्तति से समां बांध दिया। संगीतकार एआर रहमान की फेवरिट क्लासिकल सिंगर रोंकिनी ने 'मोरी पैजनिया...' की द्रुत बंदिश तीन ताल में पेश कर खूब तालियां बटोरी। ज्यों-ज्यों शाम ढलने लगी, रोंकिनी की लयकारी और सुरों की जादूगरी के साथ ही तबले की उम्दा संगत ने अपनी रोशनी बिखेर शिल्पग्राम प्रांगण को शुद्ध भारतीय संगीत से जगमग रखा। जब उन्होंने राग सोहनी में 'डारूंगी-डारूंगी तोहपे रंग सांवरिया...' और तीन ताल में 'रंग ना डारो श्याम जी...' पेश किया तो श्रोता वाह-वाह कर उठे। उनके साथ तबले पर दीपक मराठे और हारमोनियम पर आशीष रागवानी ने संगत की। इस शास्त्रीय सांझ में कथक ने क्लासिकल के अनूठे रंग भर दिए जब प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. आरती सिंह ने अपनी टीम के साथ कथक के बदलते और निरंतर निखरते रूप को पेश किया। उन्होंने भक्तिकाल, मुगलकाल और आधुनिक काल में कथक के विभिन्न रूपों की बहुत की बारीकी से प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने खूबसूरत लयकारी और ताल में बसंत ऋतु को बहुत ही उम्दा तरीके से उकेरा। उषा शर्मा, तेजस्विता नंदिनी शाह, राशि कौर, पारूल कुंभालकर, प्रेरणा देवांगन, चिरंजीवी हल्दर और नरेंद्र छत्री ने उनका साथ दिया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 'ऋतु वसंत' उत्सव में शनिवार को दूसरे दिन पं.राजकुमार मजूमदार, उस्ताद असगर हुसैन और उस्ताद अख्तर हसन की वायलिन और संतूर की खूबसूरत जुगलबंदी और जयपुर के शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ की गायकी रहेगी।

# निषित कुमार को इथोपिया दूतावास ने किया सम्मानित

- **पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया**

**जयपुर।** भारत-अफ्रीका संबंधों के मद्देनजर दिल्ली स्थित इथोपियन दूतावास में एक समारोह में शहरी विकास और मानव हितों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने नामी पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता निषित कुमार (बबलू चौधरी) को सम्मानित किया गया। उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे अथक प्रयासों के लिए इथोपिया के राजदूत ने सम्मानित किया है। समारोह में अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया।




दिल्ली स्थित इथोपियन दूतावास में एक समारोह में पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता निषित कुमार को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर एक सौ से अधिक ट्राइसिकिल वितरित करने पर सुर्खियों में आए निषित ने अपने होमटाउन झुंझुनूं में 17 गौशालाओं को 55 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है।

गांव में हॉस्पिटल निर्माण के लिए 6 बीघा जमीन देने समेत लंपी महामारी के दौरान गौशालाओं 13 लाख रुपए का पैकेज देकर संवेदनशीलता की मिसाल कायम की है। निषित झुंझुनूं शहर के बीचों बीच स्थित बीहड़ स्थान को इको टूरिज्म स्पेस के रूप में बसाने का बेहतरीन प्रयास कर रहे है। इसके अलावा पहाड़ व पर्यावरण को लेकर भी कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। वे आगामी 10 सालों में शहरी विकास की ओर अपने विजन के लिए अग्रसर हैं।

# श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में किसानों का ईसबगोल की खेती की ओर बढ़ा रूझान

## कम पानी व कम लागत में ईसबगोल की खेती कर मुनाफा कमाया जा सकता है

- **ईसबगोल की पैदावार एक बीघा में दो क्विंटल तक हो जाती है**

**बीकानेर, (निसं)।** मौसम की उपयुक्तता और अच्छे मुनाफे के दम पर ईसबगोल की खेती ने श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में अपने पैर जमाने शुरू कर दिया है। पिछले दो सालों में किसानों का ईसबगोल की खेती की तरफ रुझान बढ़ा है। जानकारी के अनुसार औषधीय गुणों से भरपूर ईसबगोल के लिए श्रीडूंगरगढ़ का मौसम उपयुक्त है। कम पानी व कम लागत में ईसबगोल की खेती कर मुनाफा कमाया जा सकता है। अच्छी उपज के लिए नवम्बर के प्रथम पखवाड़े तक गेहूं, जौ, सरसों आदि की बुआई से 15 दिन पहले ईसबगोल की बुआई उचित रहती है। वहीं बीज के जमाव के लिए पर्याप्त नमी जरूरी होती है

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार ईसबगोल के पौधे में बीमारी कम लगती है। वहीं पानी भी कम चाहिए। भाव अच्छे मिलने के साथ ही फसल को तैयार करने में मेहनत भी कम होती है। आयुर्वेदिक दवाओं के रूप में इसकी विशेष मांग होती है। इसकी पैदावार एक बीघा में दो क्विंटल तक हो जाती है। फसल चार-पांच माह में तैयार हो जाती है।

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की बलुई मिट्टी में ईसबगोल की खेती की शुरुआत पिछले दो तीन सालों से हुई है और हर साल इसका रकबा बढ़ता जा रहा है। इस समय ईसबगोल के भाव 9000 से 10000 रुपए प्रति क्विंटल है। ऐसे में एक बीघा में 15 से 20 हजार रुपए का लाभ किसान प्राप्त कर लेते हैं। गत वर्ष इसके भाव 14 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंच गए थे। इस साल ईसबगोल के रकबे में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। उपखंड क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में इसका बिजान 1850 हेक्टेयर बीघा में था, जो इस वर्ष करीब 3670 हेक्टेयर हुआ है। चने की घटती पैदावार एवं सरसों की फसल में बीमारियां व खराबे को देखते हुए किसानों ने इस फसल की तरफ रुख किया है।

बिग्गा गांव के किसान भागीरथराम तावणियां ने बताया कि उसने पहली बार अपने खेत में 35 बीघा जमीन पर ईसबगोल की खेती की है। इस फसल का आसानी से बिजान के साथ ही कम पानी, कम मेहनत और कम लागत में फसल तैयार हो जाती है। वहीं पिछले दो सालों से बाजार भाव भी अच्छे मिल रहे हैं।

किसान प्रमाणित बीज और खेती के संबंध में कृषि विशेषज्ञों से समय-समय पर जानकारी लेकर पैदावार लें, तो पैदावार अच्छी गुणवत्ता के साथ अधिक भी होगी। अमूमन किसान प्रमाणित बीज नहीं लेकर निजी कंपनियों का बना टीएल सीड काम में लेते हैं, जिससे पैदावार का औसत कम बैठता है। हालांकि इस फसल में कुछ सावधानी भी बरतनी पड़ती है। पकाव के समय वर्षा हो जाए, तो बीज झड़ जाता है तथा छिलका फूल जाता है। इससे गुणवत्ता व पैदावार दोनों पर असर पड़ता है।

सुरेंद्र मारू, कृषि अधिकारी, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर का कहना है कि भाव अच्छे मिलने व पानी की कमी के चलते श्रीडूंगरगढ़ तहसील के किसानों का ईसबगोल की खेती की तरफ रुझान बढ़ रहा है। इस फसल में बीमारी भी कम लगती है। यदि किसान अन्य व्यापारिक फसलों की तरह कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से इसकी खेती करे, तो कम लागत लगाकर अधिक आमद कर सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**Seventy-Seven Years On, Partition Still Traumatises**

When she gave birth to her daughter, cutting off the umbilical cord with a sword that she still possesses, the 'first instinct' was to abandon the child in the forest and move on so that at least the couple could survive.

Should you use 'dates' as a face scrub?






*मु.मंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित हुई संगठनात्मक बैठकों में शामिल होने के लिए सीतापुर (उत्तर प्रदेश) गये। मु.मंत्री ने सीतापुर के 5 लोकसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों के साथ संवाद भी किया।*

## केन्द्रीय कर्मचारियों का चार प्रतिशत डी.ए. बढ़ा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है कि महंगाई भत्ते में वृद्धि के कारण उनका वेतन 4 प्रतिशत बढ़ जाएगा।

- केन्द्रीय कर्मचारियों को मार्च के वेतन में यह बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा।

महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी से कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों की महंगाई राहत, पचास प्रतिशत तक हो जायेगी।

सातवें वेतन आयोग के अनुसार, औद्योगिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के बारह माह का औसत 392.83 है, इसके हिसाब से महंगाई भत्ता, मूल वेतन का 50.26 प्रतिशत बनता है। अखिल भारतीय सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यु. के आधार पर केन्द्रीय सरकार महंगाई भत्ते और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तृणमूल ने कांग्रेस के साथ "सीट शेयरिंग" समझौता किया बंगाल में

## तृणमूल ने बंगाल में पांच सीटें कांग्रेस को देने का निर्णय लिया तथा बदले में आसाम व मिज़ोरम में एक-एक सीट मांगी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को अन्ततः यह मालूम पड़ गया लगता है कि स्थिति बेकाबू होने से पहले क्यों ना उसे संभाल लिया जाए।

- यह सीट शेयरिंग समझौता दोनों पार्टियों के लिये हानिकारक है।
- संदेशखाली में आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं के प्रचारित होने से ममता बनर्जी रक्षात्मक मुद्रा में आयीं तथा कांग्रेस के साथ समझौता करने पर मजबूर हुईं।

यह पहला मौका है जब ममता बनर्जी सभी लोगों के समक्ष झुक रही हैं, खासतौर पर कांग्रेस के समक्ष जिसे वह बंगाल की राजनीति में बिल्कुल ही महत्वहीन मानती थीं। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं सदन के नेता अधीर रंजन चौधरी की कभी परवाह नहीं की, लेकिन ममता अब कांग्रेस को पांच सीटें दे रही हैं, जिसके लिए पहले उन्होंने इंकार कर दिया था।

बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनावों में इण्डिया गठबंधन के अन्तर्गत सीट शेयरिंग के कांग्रेस के ऑफर को ठुकरा दिया था, लेकिन अब उन्होंने कांग्रेस को बंगाल में अचानक से पांच सीटें ऑफर कर दी हैं। इसके बदले में उन्होंने असम और मिज़ोरम की क्रमशः एक-एक सीट मांगी है।

तृणमूल कांग्रेस का कांग्रेस के साथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 13 मार्च के बाद चुनाव तिथि घोषित करेगा चुनाव आयोग

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। चुनाव आयोग तीन हफ्ते बाद, या कहें कि, तेरह मार्च के बाद कभी भी लोकसभा चुनावों के मतदान की तिथियां घोषित करने की योजना बना रहा हैं। राज्यों की तैयारियों का जायजा लेने गए आयोग अधिकारी अपने दौरे पूर्ण कर लेंगे। उसके बाद यह घोषणा की जाएगी। आयोग, चुनावी तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है।

- इलैक्शन कमीशन निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए पहली बार आर्टिफिशल इंटैलीजैंस का इस्तेमाल भी करेगा।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि, इस बार सुगम चुनाव संचालन के लिए "आर्टिफिशल इंटेलीजेंस" का उपयोग होगा। चुनाव अधिकारी अभी तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं, उसके बाद वे उत्तर प्रदेश तथा जम्मू और कश्मीर जायेंगे।

चुनावी तैयारियों के आकलन के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री भजन लाल ने सीतापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली

## मु.मंत्री भजन लाल एक दिन के दौरे पर उत्तर प्रदेश के सीतापुर गए

जयपुर, 23 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने सीतापुर में आयोजित लोकसभा क्लस्टर बैठक, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, विधानसभा संयोजक प्रभारी व जनप्रतिनिधि बैठकों में सम्मिलित होकर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "अबकी बार 400 पार" के संकल्प की सिद्धि के लिए भाजपा परिवार का प्रत्येक सदस्य पूरी तन्मयता के साथ जुटा हुआ है।

- मु.मंत्री ने सीतापुर में 5 लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं व संगठन पदाधिकारियों को संबोधित किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा, हरेक भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि, वह "अब की बार 400 पार" के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने में जुट जाए।

उन्होंने सीतापुर में क्लस्टर बैठक में 5 लोकसभा क्षेत्रों, सीतापुर सदर, मिश्रिख, हरदोई, धौरहरा, लखीमपुर के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तय रणनीतियों व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यहां संगठन स्तर पर चल रहे संगठन के कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुर जिले के खेराबाद में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है। राष्ट्र के उत्थान की सोच लेकर जीवन जीना ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के योगदान से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया और प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि, लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलवाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता अभी से पूरी तैयारी से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि, देश के उत्थान और विकास का रास्ता यूपी से होकर निकलता है। उत्तर प्रदेश ऋषि मुनियों की धरती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा अपनी तीसरी सरकार के प्रथम 100 दिनों में किन प्रोजैक्ट्स पर फोकस करे'

## प्र.मंत्री मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों को यह जिम्मेवारी सौंपी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 फरवरी। इंडिया गठबंधन अभी भी भाजपा को चुनौती देने की रणनीति पर काम कर रहा है, लेकिन आत्मविश्वास दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों से कहा है कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल के लिए शुरु के 100 दिनों के लिए योजना बनाए।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की हालिया बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों से कहा बताते हैं कि 2024 से शुरु होने वाले अगले 5 साल में किन क्षेत्रों पर काम करना है उन्हें चिन्हित करें और शुरुआती 100 दिन की योजना बनाएं। इस पर आगे 3 मार्च को भी चर्चा होगी, जब प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट की सुषमा स्वराज भवन में मीटिंग होगी।

- इस बात से मोदी ने आगामी चुनाव में जीत पर पूर्ण विश्वास जताया।
- पर, फिर भी साथ ही अगले सप्ताह से देश भर में तूफानी दौरों व आमसभाओं का कार्यक्रम भी तय किया।
- जिसकी शुरूआत 27 फरवरी को वे केरल व तमिलनाडू की यात्रा से करेंगे।
- प्रधानमंत्री तृणमूल शासित बंगाल में 2 यात्राएं करेंगे। एक मार्च को लोकसभा से निष्कासित महुआ मोइत्रा की सीट कृष्णा नगर में आमसभा व रोड शो करेंगे तथा पुनः 6 मार्च को बंगाल की दूसरी यात्रा के दौरान बारासात में जनसंपर्क व आमसभा करेंगे। संदेशखाली इस चुनाव क्षेत्र में है तथा भाजपा आमसभा में 20,000 महिलाएं लाने की योजना बना रही है।

तीसरे कार्यकाल का भरोसा होने के बावजूद भी मोदी आगामी आम चुनावों में जीत की संभावना को लेकर स्वयं में संतुष्ट नहीं है। अगले सप्ताह से वे देश के तूफानी चुनावी दौरे पर निकल रहे है। इसकी शुरुआत 27 फरवरी से केरल और तमिलनाडू से हो रही है। इस दौरान वे दोनों दक्षिणी राज्यों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और कुछ सभाएं भी करेंगे। प्रधानमंत्री 28 फरवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जाएंगे। यहां भी कई विकास योजनाओं की शुरुआत करेंगे तथा एक जनसभा की योजना भी बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री प. बंगाल के भी दो दौरे करेंगे, जहां कुल 42 लोकसभा सीटें है। मोदी यहां कई विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे तथा आराम बाग में एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# बम ब्लास्ट मामले में फरार इनामी आतंकी को पकड़ा

## बम ब्लास्ट मामले में एटीएस को थी तलाश, जयपुर की टीम ने कार्रवाई की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दिनेश एम एन अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा जयपुर के निर्देशन में गैंग व गैंगस्टर के विरूद्ध लगातार धरपकड़ के लिए अभियान चला रखा है। शुक्रवार को एंटी टेररिस्ट स्कवाड (एटीएस) की जयपुर से आई विशेष टीम ने वांछित एक इनामी बदमाश को गंगापुर से पकड़ा और अपने साथ ले गई। जयपुर टीम ने इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को पूरी तरह गुप्त रखा गया।

सूत्रों के अनुसार एटीएस की टीम गुरुवार देर शाम गंगापुर पहुंची और स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से टीम ने बजरिया इलाके से मेहराजुद्दीन नाम के एक बदमाश को पकड़ा और जयपुर के लिए रवाना हो गए। यह बदमाश बम ब्लास्ट के मामले में पिछले दस साल से एटीएस का वांछित है और 25 हजार रुपए का इनामी बताया गया है। आतंकी मोहम्मद मेराजुदद्दीन दिल्ली में ओखला स्थित मरकस, गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न जिलो में फरारी काट रहा था। आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन ने पूछताछ में बताया कि स्वयं व उसके साथी इण्डियन मुजाहिददीन एवं अन्य इस्लामिक संगठनो से सम्पर्क में थे एवं वर्ष 2014 में स्लीपर सैलो द्वारा भारत में विभिन्न स्थानो पर आतंकी घटनाओ को अंजाम देने की योजना थी। उक्त प्रकरण में पूर्व में राजस्थान के सीकर, जोधपुर एवं जयपुर जिले से कुल 13 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाही करने वाली टीम में नरेन्द्र सिंह निरीक्षक, शैलेन्द्र शर्मा सउनि, बृजेश कुमार, शाहिद अली, रविन्द्र सिंह, महेन्द सिंह सहित स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक बाबू लाल विश्नोई का सहयोग रहा।


गंगापुर सिटी में आतंकी मेराजुद्दीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- एटीएस की जयपुर से आई विशेष टीम ने वांछित इनामी बदमाश को गंगापुर से पकड़ा और अपने साथ ले गई
- आतंकी मोहम्मद मेराजुदद्दीन दिल्ली में ओखला स्थित मरकस, गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न जिलो में फरारी काट रहा था

# कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से चल रही कार ने बाइक सवार पिता, पुत्र व पत्नी को चपेट में ले लिया।

हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व पत्नी को भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उनका उपचार जारी है। थाना प्रभारी सुनील कुमार बेडा ने बताया कि थाना क्षेत्र के भीलों का खेड़ा में तेज रफ्तार से चल रही कार ने सामने से आ रहे बाइक सवार पिता, पुत्र व पत्नि को चपेट में लिया।

जिससे बाइक सवार पिता व पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

करेड़ा थाना क्षेत्र की उदयराम जी का गुड्डा गांव निवासी श्रवण भील उनकी पत्नी राजी देवी के साथ मासूम पुत्र दीपू को निंबाहेड़ा गांव से अस्पताल दिखाने जा रहा था। इसी दौरान भीलों का खेड़ा गाव के पास सामने से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर में श्रवण के डेढ़ वर्षीय पुत्र दीपू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनों पिता पुत्र के शव करेडा सामुदायिक अस्पताल की मोचर्री में रखवाये गये। घटना के बाद कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस में कार को जब्त कर लिया।

# वकील की बेरहमी से पिटाई, उपचार के दौरान मौत

## घायल वकील ने परिजनों को वीडियो में बयान दिया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र तख्तपुरा गांव के रहने वाले वकील मोहन अहीर पर बीती रात को गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया और सड़क के किनारे पटक कर चले गए। राहगीरों ने घायल वकील को जिला अस्पताल पहुंचाया, उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया। जहां देर रात को उपचार के दौरान मोहन में दम तोड़ दिया।

अस्पताल में घायल ने परिजनों को वीडियो में बयान दिया कि जिसमें गांव के ही नारायण अहीर और उनके दो पुत्रों के साथ आधा दर्जन लोगों ने उसकी कार को टकेटर से टक्कर मारकर रोका और लाठियों से उन पर हमला किया, आरोपी डस्टर कार में डालकर उनको जंगल मे ले गए जहां बेरहमी से मारपीट करके राजमार्ग के पास पटक गए। घटना के बाद हमीरगढ़ मंगरोप थाना अधिकारी जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए सीओ सदर लक्ष्मण राम सहित अतिरिक्त जाब्ता मौके पर मौजूद रहा।


मृतक मोहन अहीर


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा प्रहरी सेवा हेतु ई-निविदा जारी की गयी हैं, जिनके यूबीएन GSU2324SLOB00049 हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/23/13517 कुलसचिव



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**

eemhbharatpur@gmail.com, ee-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर-321001 (राज.)

क्रमांक-/M&H/2023-24/176 दिनांक- 15.02.2024

**निविदा सूचना संख्या 13/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/करौली में रू. 29.50 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. NIB code MHS2324A3238 and UBN is: MHS2324WSOB04958,
UBN is: MHS2324WSOB04959, UBN is: MHS2324WSOB04960, UBN is: MHS2324WSOB04961

(एल.के. अग्रवाल)

DIPR/C/1293/2024 अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर



**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि.एवं त.स.नि.अ.-I/2023-24/डी-18 दिनांक : 23.02.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

बिड संख्या - अ.अ.एवं त.स.नि.अ.-I/33/2023-24

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| JDA2324WSO00720 | 24.05 | अतिक्रमण | 06.03.2024 |
| JDA2324WSOB00722 | 3.03 | रखरखाव | 02.03.2024 |
| JDA2324WSOB00721 | 118.42 | O & MSTP | 07.03.2024 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

Raj.Samwad/C/23/13581 अधि.अभि. एवं तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम



जयपुर। तेजाजी महाराज की जयंती पर अजमेर जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में स्थित सुरसुरा धाम में भक्तगणों के साथ भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने रामधुनी कर प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। डॉ. सतीश पूनियां ने वीर तेजस्वी श्री तेजाजी महाराज की जयंती पर सुरसुरा धाम पहुंचकर मंदिर में धोक लगाकर आशीर्वाद लिया और साथ ही मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह में सम्मिलित होकर सभी तेजा भक्तों को तेजाजी महाराज जयंती की शुभकामनाएं दी। सतीश पूनियां 24 फरवरी को जोधपुर में सुबह 10 बजे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना विषय पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

# 75 लाख रुपये की अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

## डिटर्जेंट पाउडर के केमिकल बैग्स के पीछे छिपाकर रखी गई थी अवैध अंग्रेजी शराब


गुड़ामालानी पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

**बाड़मेर/गुड़ामालानी, (निसं)।** बाड़मेर जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना के निर्देशन में डीएसटी व गुडामालानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 75 लाख कीमत के विभिन्न ब्रांडों के 557 कार्टन अवैध शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर व पिकअप को भी जब्त किया है। शराब को गुजरात सप्लाई की जानी थी। लेकिन पुलिस को भनक लगने पर बारासन गांव की सरहद पर दबिश देकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने पुलिस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डीएसटी टीम को सूचना मिली कि फलोदी से सांचौर की तरफ जाने वाले राज्य राजमार्ग नंबर 28 पर फलोदी की तरफ से एक कंटेनर ट्रक पंजाब निर्मित अवैध शराब से भरकर लाए हैं, जिसे गुडामालानी हल्के के बारासान गांव सरहद के नदी क्षेत्र में खाली किया जायेगा और आगे छोटी गाड़ियों में भरकर गुजरात में सप्लाई की जायेगी। सूचना पर डीएसटी व गुडामालानी पुलिस थाने की टीम ने मिलकर बारासन नदी क्षेत्र में दबिश दी।

इस दौरान उक्त ट्रक से दो पिकअप गाड़ियों में शराब लोड की जा रही थी। पुलिस को देखकर एक पिकअप गाड़ी को लेकर आरोपी फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने मौके पर आरोपी ओमप्रकाश पुत्र रामलाल विश्नोई निवासी आनन्द सागर, जूना खेडा, आमलियाला, पुलिस थाना गुडामालानी को दस्तयाब कर लिया।

पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें डिटर्जेंट पाउडर के केमिकल बैग्स के पीछे छिपाकर रखे गए पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडो के कुल 557 कार्टन पाए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कंटेनर मय शराब, पिकअप को जब्त कर पुलिस थाना गुडामालानी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। एसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी नामजद कर लिया है। जिसकी तलाश की जा रही है। प्रकरण में शराब के खरीद फरोख्त के बारे में अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही हैं।

- शराब परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर व पिकअप सहित शराब के 557 कार्टन जब्त
- पंजाब निर्मित अवैध शराब गुजरात सप्लाई की जानी थी


**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2024/9049 दिनांक :- 19.02.2024

**:-ई-निविदा सूचना-2024-25 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 04.03.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2324SLOB32431), (DLB2324SLOB32433), (DLB2324SLOB32434), (DLB2324SLOB32436), (DLB2324SSOB32432), (DLB2324SSOB32435) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/23/13472 नगर परिषद सुजानगढ



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)**

npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346

क्रमांक :- न0पा0के0पा0/निर्माण/2023-24/589-591 दिनांक :-19.02.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/2023-24**

नगर पालिका के0पाटन द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु नगर पालिका के0पाटन पालिका में पंजीकृत कार्यो के अनुसार सक्षम स्तर के संवेदक एवं अन्य विभागों में पंजीकृत AA,A श्रैणी के संवेदकों से द्वी लिफाफा पद्वति/ई-निविदा पद्वति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 20.02.2024 से तथा अपलोड करने की दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 29.02.2024 प्रातः 09.00 बजे तक है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| Sr. No. | UBN No. | Sr. No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2324WSOB32583 | 2 | DLB2324WSOB32584 |
| 3 | DLB2324WSOB32585 | 4 | DLB2324WSOB32586 |
| 5 | DLB2324WSOB32587 | 6 | DLB2324WSOB32588 |
| | | Cost | 134.6 Lacs |

राज.संवाद/सी/23/13541 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


# मानसिक विमंदित गृह से दो बालिकाएं फरार

## पुलिस कर रही तलाश, फिलहाल सुराग नहीं लगा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के आंगणवा स्थित मानसिक विमंदित गृह से बुधवार की रात को दो मूकबधिर बालिकाएं छत के रास्ते दीवार फांद निकल गई।

जब बच्चियां नजर नहीं आई तो स्टाफ ने इधर उधर ढूंढा। नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्टाफ से जानकारी जुटा कर पुलिस ने सघन सर्च चलया। मगर बालिकाओं का पता नहीं चल पाया। केयर टेकर ने इस बारे में मंडोर थाने में रिपोर्ट है। फिलहाल बच्चियों का पता नहीं लग पाया है। थानाधिकारी हरिसिंह ने बताया कि बुधवार की रात साढ़े आठ बजे के आसपास मानसिक विमंदित गृह आंगणवा से दो बालिकाएं छत के रास्ते दीवार फांद कर निकल गई। एक बालिका 17 साल की है दूसरी 12-13 साल की होगी। इस बारे में बुधवार की रात को पुलिस को सूचना मिलने पर नाकाबंदी और आसपास तलाश करवाई गई, मगर बालिकाओं का पता नहीं चल पाया। केयर टेकर प्रकाश कुमार की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। दोनों बालिकाएं मूकबधिर है। फिलहाल इनका पता लगाने का प्रयास जारी है।

- दोनों बालिकाएं छत के रास्ते दीवार फांद कर निकल गई

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बड़ौदामेव आएंगे

**अलवर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को अलवर के बडौदामेव में जनसभा को सबोधित करेंगे। ई.आर.सी.पी. योजना के बारे में आमजन को बताएंगे। इसके बाद जल्दी इस योजना का शिलान्यास होगा। जिसके लिए प्रधानमंत्री राजस्थान आएंगे। शुक्रवार को बीजेपी कार्यालय में जलदाय मंत्री सुरेश रावत व गृह राज्य मंत्री जहवार सिंह बेढ़म ने यह जानकारी दी। जलदाय विभाग के मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि वर्षो से राजस्थान व एमपी के बीच चंबल, पार्वती व कालीसिंध नदी के पानी को लेकर विवाद था। 20 सालों से उस विवाद का समाधान नहीं हो सका था। लेकिन अब बीजेपी की सरकार आते ही दोनों राज्यों के बीच एमओयू हो चुका है। आगामी एक महीने में डीपीआर बन जाएगी।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail&% nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site www.bikanermc.org

क्रमांक/स्वा./2024/3279 दिनांक :- 15.02.2024

आवारा श्वानों (नर/मादा) को पकडने, बंध्याकरण करने एवं रेबीज टीकाकरण कर पुनः निर्धारित स्थल पर छोड़ने का कार्य प्रतिदिन आवश्यकतानुसार निविदा सूचना संख्या

**2024-2025-2025-26 (02 वर्ष) की शर्ते :-**

1. निविदा प्रकिया ऑनलाइन होगी। निविदा प्रपत्र को वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओ में भाग लेने वाले संवेदको को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेवसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी। इस निविदा सूचना एंव निविदा की शर्तो को विभाग की वेबसाई www.bikanermc.org एंव www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी संवेदक को अमानत राशि E.M.D निविदा राशी का 2 प्रतिशत ऑनलाइन जमा कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा संबंधित समस्त शुल्क जैसे ई-टेण्डरिंग निविदा शुल्क 2000/- प्रक्रिया शुल्क 2000/- एवं अमानत निगम की वेबसाईट www.bikanermc.org पर ऑनलाइन ही जमा करना अनिवार्य होगा।

**प्रथम भागः-** तकनीकी बीड के साथ संलग्न किय जाने वाले पत्र नीचे क्र.स 1 तक

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (वार्षिक रूपये) | धरोहर राशि का 2.5 प्रतिशत रूपये | निविदा शुल्क रूपयें | ई-टेण्ड्ररिंग निविदा शुल्क | कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवारा श्वानों (नर/मादा) को पकड़नें, बंध्याकरण करनें एवं रेबीज टीकाकरण कार्य | 370/- लाख | 7,40,000/- | 2,000/- | 2,000/- | आवारा श्वानों का टीकाकरण एवं बंध्याकरण |

UBN Number : DLB2324SLOB32571

आयुक्त
राज.संवाद/सी/23/13523 नगर निगम बीकानेर


# कश्मीर में बर्फबारी में फंसे उदयपुर के छात्र सुरक्षित

**उदयपुर, (कासं)।** जम्मू-कश्मीर के बनिहाल में हुई भारी बर्फबारी और भूस्खलन में फंसे सुखाड़िया विश्व विद्यालय उदयपुर से सम्बद्ध लॉ कॉलेज के छात्रों को सेना के जवानों ने रेस्क्यू कर उन्हें आश्रय भी उपलब्ध करवाया है। सभी छात्र सुरक्षित हैं। सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के लॉ कॉलेज के 74 छात्र और 7 कर्मचारी शैक्षिक भ्रमण के तहत जम्मू-कश्मीर गए हुए थे। छात्र बुधवार को अनंतनाग से करीब 35 किलोमीटर दूर बनिहाल से राजमार्ग से गुजर रहे थे, तभी भारी बर्फबारी और भूस्खलन होने से रास्ते बंद हो गए और वे सभी तूफान में फंस गए। यह सब देखकर छात्र काफी घबरा गए थे। आस-पास उन्हें ऐसा कोई स्थान नहीं दिख रहा था कि उन्हें पनाह मिल जाए। छात्रों को रात के लिए आश्रय की आवश्यकता थी। डिफेंस पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल के अनुसार स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बनिहाल में भारतीय सेना ने तत्काल सभी छात्रों को रेस्क्यू किया और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। सभी छात्रों को भारतीय सेना ने आश्रय स्थल, चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी।


JKK
Jawahar Kala Kendra, Jaipur

**जवाहर कला केन्द्र**

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर
ई-टेंडर/खुली निविदा सूचना संख्या- JKK/2023-24
JKK GSTIN - 08AAAJJ0462D1ZM

जवाहर कला केन्द्र, जयपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है

| | | NIB JKK2324A0025 UBN: JKK2324SLOB00025 | NIB JKK2324A0024 UBN: JKK2324WSOB00024 | NIB JKK2324A0026 UBN: JKK2324WSOB00026 | NIB: JKK2324A0023 UBN: JKK2324SLOB00023 | NIB: JKK2324A0022 UBN: JKK2324SLOB00022 | NIB: JKK2324A0027 UBN: JKK2324SSOB00027 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Arrangement of Stage lights, sound and other related Items on Hire Basis | Exterior and Interior Velvet and Satin Finish paint in various places at JKK, Jaipur | केन्द्र द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु स्टेण्डी/बैनर/फ्लेक्स आदि से विज्ञापन प्रिन्टिंग के कार्य हेतु दर अनुबंध | जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यकमों के दौरान उपयोग हेतु टैण्ट सामग्री किराये पर आपूर्ति का कार्य | किराये पर कम्प्यूटर, प्रिन्टर सैट मय ऑपरेटर उपलब्ध कराने की वार्षिक दर अनुबन्ध निविदा | पोस्टर, ब्रोशर, निमंत्रण-पत्र, पम्पलेट, टिकट, प्रमाण-पत्र, पहचान-पत्र इत्यादि विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्य हेतु दर अनुबंध |
| 2 | अनुमानित राशि रू. लाखो मे | 40.00 लाख | 10,00,000/- लाख | 9,50,000/- लाख | 130 लाख | 18.00 लाख (प्रति वर्ष) | 6.00 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क (अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन) जकके के नाम से देय) | 1000/- | 500/- | 500/- | 1000/- | 500/- | 500/- |
| 4 | बिड सिक्युरिटी राशि (अति. महानिदेशक (प्रशासन) जकके के नाम से देय) | 80,000/- | 20,000/- | 19,000/- | 2,60,000/- | 36,000/- | 12,000/- |
| 5 | अनुबंध अवधि | 1 वर्ष | 1 वर्ष | 1 वर्ष | 2 वर्ष | 2 वर्ष | 1 वर्ष |
| 6 | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | 500/- M.D., R.I.S.L., Jaipur | 500/- M.D., R.I.S.L., Jaipur | ———— | 2000/- M.D., R.I.S.L., Jaipur | 500/- | |
| 7 | निविदा फार्म विक्रय की तिथि (डाउनलोड/अपलोड) | दिनांक 21.2.2024 से 29.2.2024 को सांय: 5:00 बजे तक | दिनांक 21.2.2024 से 28.2.2024 को सांय: 6:00 बजे तक | दिनांक 21.2.2024 से 1.3.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक | दिनांक 21.02.2024 से 01.03.2024 को सांय: 5:00 बजे तक | दिनांक 21.02.2024 से 01.03.2024 को सांय: 6:00 बजे तक | दिनांक 21.2.2024 से 1.3.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक |
| 8 | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि | ———— | ———— | दिनांक 1.3.2024 को सांय: 2.30 बजे तक | ———— | | दिनांक 1.3.2024 को सांय: 2.30 बजे तक |
| 9 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 1.3.2024 को दोपहर 3.00 बजे से | दिनांक 29.2.2024 को दोपहर 3.00 बजे | दिनांक 4.3.2024 को सांय: 3.30 बजे | दिनांक 4.3.2024 को दोपहर 3.00 बजे से | दिनांक 4.3.2024 को दोपहर 3.00 बजे से | दिनांक 4.3.2024 को दोपहर 3.30 बजे |
| 10 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा | बाद में सूचित किया जायेगा |

नोटः- तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पृथक-पृथक लिफाफे में मुहरबंद की जानी चाहिए। लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित किया जाना चाहिए। निविदा शुल्क, बयाना राशि व प्रोसेसिंग शुल्क तकनीकी निविदा खोलने के लिए निर्धारित समय से 1 घण्टा पूर्व तक कार्यालय में भौतिक रूप से जमा की जानी चाहिए, तथा तकनीकी निविदा के साथ डी.डी. की स्कैन कॉपी संलग्न की जानी चाहिए। निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी निविदा प्रपत्र को वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है, तथा निविदादाता इन प्रपत्रों को डाउनलोड कर सकते है।

राज.संवाद/सी/23/13542 अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन)

# झोटवाड़ा में कैशियर को गोली मारकर बैंक लूटने का प्रयास

## झोटवाड़ा इलाके में जोशी मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक की घटना

**जयपुर।** कैशियर की बहादुरी के चलते शुक्रवार को जयपुर के झोटवाड़ा स्थित जोशी मार्ग पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) बैंक लूटने से बच गया और हथियारबंद दोनों नकाबपोश बदमाश भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हालांकि घटना में बदमाशों की गोली लगने से कैशियर गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी भरत सिंह मीणा (36) निवासी आजाद चौक कोटपूतली, हाल हरिनगर सिविल लाइन सोडाला जयपुर और मनोज मीणा (29) निवासी मेहराणा भादरा हनुमानगढ़ है। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल व कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने कैशियर के पर्चा बयान पर विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं घायल कैशियर को उपचार के दौरान ब्लड की जरुरत पड़ी। इस पर विद्याधर नगर थानाधिकारी दिलीप खदाव और झोटवाड़ा थाने में तैनात एएसआई राजेंद्र सिंह ने रक्तदान किया।

पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया झोटवाड़ा में जोशी मार्ग स्थित पीएनबी बैंक की शाखा में सुबह करीब पौने दस बजे दो नकाबपोश बदमाश घुसे। उन्होंने बंदूक दिखाकर वहां पर मौजूद बैंक कर्मचारियों को एक कमरे में बिठा दिया। इसी दौरान कैशियर वहां पर पहुंचा तो उसने बदमाशों का विरोध किया। इस पर बदमाश ने उस पर फायर कर दिया। गोली लगने से कैशियर नरेंद्र सिंह शेखावत निवासी गणेश नगर विस्तार करधनी घायल हो गया। उसके एक गोली पेट में और दूसरी पैर में लगी। उसने पुलिस को बताया कि वह बैंक में हेड कैशियर के पद पर कार्यरत है। वह सुबह पौने दस बजे बैंक पहुंचा और बैंक के स्ट्रॉंग रुम के अलार्म को बंद करने के लिए रूम के पास गया। इस दौरान वहां दो व्यक्ति पहले से मौजूद थे। मैंने जैसे स्ट्रॉंग रुम खोलना चाहा तो उन दोनों में से एक बदमाश ने मुझे गोली मारी और दूसरे ने मुझे पकड़ लिया। मेरे पहली गोली दाहिनी ओर पेट पर, दूसरी पीठ पर तथा तीसरी गोली बायी ओर सीने के पास लगी।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि वारदात को अंजाम देने से पहले संभव दोनों बदमाशों ने बैंक की पहले रेकी की होगी। बैंक में 8 कर्मचारी काम करते हैं। रोज की तरह सुबह साढ़े नौ बजे बैंक खुला था। बैंक में मैनेजर मनीष सैनी, महिला कर्मचारी विनेश चौधरी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमेश सैनी मौजूद थे। तभी लूट को अंजाम देने बदमाश बैंक में आए। दोनों के पास जो हथियार थे, उसमें से एक कंट्री मेट हथियार है। वहीं, दूसरे के पास लोगों को डराने के लिए डमी पिस्टल थी। फायरिंग की आवाज सुनकर चेतक में मौजूद एक महिला कांस्टेबल मौके पर पहुंची, जिसने आरोपी भरत को पकड़ लिया। वारदात करने के लिए वह मौसेरे भाई को लेकर आया था। पुलिस ने मौके से भागे दूसरे बदमाश मनोज मीणा को पुलिस ने दोपहर में पकड़ लिया। उसके भी पैर में चोट लगी है।



आरोपी भरत मीणा और मनोज मीणा



वारदात स्थल पर मिले हथियार



पंजाब नेशनल बैंक में फायरिंग के बाद पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

- बैंक में गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची महिला कांस्टेबल ने एक बदमाश को लोगों की मदद से पकड़ा
- कैशियर के साथ धक्का मुक्की में पैर में गोली लगने से घायल हुए दूसरे बदमाश को पुलिस ने पांच किलोमीटर दूर ऑर्विट मॉल के पास से दबोचा

### गोली चलने की आवाज सुनकर मचा हड़कंप

बैंक के अंदर गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लहूलुहान हालत में बैंक कर्मचारी जमीन पर गिर गया। जिसे देखकर बदमाश बैंक से बाहर की ओर दौड़े। बैंक लूटने आए एक बदमाश की लोगों ने पकड़कर पिटाई कर दी। वहीं दूसरे को पकड़ने के लिए पुलिस ने शहर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई है।

घटना के बाद का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। बैंक से थोड़ा आगे एक शॉप पर लगे कैमरे में एक बदमाश कैद हो गया। इसमें बदमाश मौके से भागता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने बताया दोनों बदमाश पहले बैंक के एटीएम में गए। थोड़ी देर वहीं रुके रहे। फिर बैंक के अंदर आए।

### बदमाश को पकड़ने गई महिला कांस्टेबल घायल

घटना से कुछ समय पहले ही बैंक के पास से पीसीआर वैन गुजरी थी। वहां पर एक महिला कांस्टेबल खड़ी थी। महिला कांस्टेबल मैनका ने गोली की आवाज सुनकर बैंक की तरफ भागी तो एक युवक भागता नजर आया। महिला कांस्टेबल ने उसे पकड़ लिया, लेकिन बदमाश ने उसके सिर पर बार कर दिया और वहां से छुड़ाकर भागने लगा। इसी दौरान मौके पर खड़े लोगों ने बदमाश को पकड़ का प्रयास किया, लेकिन वह 2-3 लोगों की पकड़ से छूटकर भागता रहा। आखिर में फायरिंग की आवाज सुनकर जमा भीड़ ने उसे पकड़ लिया और रस्सी से पैर बांध दिए। महिला कांस्टेबल ने घटना की पीसीआर वैन को सूचना दी। इस पर पीसीआर वैन मौके पर पहुंची और बदमाश को पकड़कर थाने ले गई। पकड़े गए बदमाश ने चलती पीसीआर से कूदकर भागने की कोशिश की। रोड पर गिरने पर उसका पैर फैक्चर हो गया। झोटवाड़ा थाना पुलिस उसे इलाज के लिए कांवटिया अस्पताल लेकर गई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस के आलाधिकारी पहुंच गए। एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए।

### खून बहता रहा, फिर भी 5 कि.मी. भागा बदमाश

फायरिंग के दौरान दूसरा बदमाश मनोज भी घायल हो गया। उसके पैर से खून रिसने लगा। वह बैंक से भाग निकला। सड़क पर काफी दूर तक खून बिखरा नजर आया। मनोज को नाकाबंदी के दौरान घटना स्थल से करीब 5 किलोमीटर दूर आर्बिट मॉल से पकड़ लिया गया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि बदमाश हार्डकोर बदमाश है। इनका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। मनोज भरत के मौसी का लड़का बताया जा रहा है। बैंक में कैशियर से मनोज की धक्का-मुक्की हुई। धक्का-मुक्की के दौरान फायरिंग में कैशियर घायल हो गया तो एक गोली मनोज के पैर में लगी। गोली लगने के बाद जान बचाकर मनोज वहां से भाग निकला। रोड पर 100-150 मीटर तक खून बिखरा था।

### बदमाशों ने नवम्बर से शुरू कर दी थी रैकी

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि दोनों बदमाशों ने नवम्बर माह में बैंक की रेकी शुरू कर दी। दोनों बार-बार बैंक में आते और वहां की गतिविधियों की जानकारी जुटाते रहे। सभी जानकारी जुटाने के बाद बदमाशों ने यहां पर लूट की योजना बनाई। बैंक में लूट के समय कितनी राशि रखी थी इसकी भी जानकारी ली जा रही है। बदमाशों के पास से एक पिस्टल मय कारतूस जब्त की गई है।

# रामबाग सर्किल से बी-टू-बाईपास तक 6.5 कि.मी. में नए सिरे से रि-डवलपमेंट होगा

## मुख्य टोंक रोड पर सड़क के दोनों तरफ 125 मीटर गहराई तक का क्षेत्र इसमें शामिल होगा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में टोंक रोड पर रामबाग सर्किल से बी-टू- बाइपास तक 6.5 कि.मी. क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ 125 मीटर गहराई तक का नए सिरे से रि-डवलपमेंट होगा। ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए लोकल एरिया प्लान की सीमा का निर्धारण कर दिया है। इसमें टोंक रोड पर दोनों तरफ आने वाले एरिया की सीमा निर्धारण की गई है। आगामी भविष्य में जयपुर में किस तरह की चुनौतियां आएंगी, उनसे किस तरह निबटा जाए। इन तमाम मुद्दों को ध्यान में रखते हुए इस साढ़े 6 किलोमीटर क्षेत्र का नए सिरे से विकास प्लान तैयार किया जायेगा। हालांकि नगर निगम इसमें किसी तरह की कोई जमीन अवाप्त नहीं करेगा।

इस प्रोजेक्ट के लिए बेटरमेंट चार्ज, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रोजेक्ट, निजी-जनभागीदारी (पी.पी.पी.), सरकारी जमीन का व्यावसायिक उपयोग कर, केंद्र और राज्य सरकार की मदद से पैसा एकत्रित किया जायेगा।

नगर निगम ग्रेटर के अतिरिक्त नगर नियोजक रविराय वर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजना के तहत यह सीमा निर्धारण का काम किया गया है। इसके लिए स्कूल आफ आर्किटेक्ट एंड प्लानिंग (सेप) ने जयपुर के इस 6.5 किमी के एरिया की 2 साल तक बाकायदा स्टडी की है। उसके बाद ग्रेटर निगम प्रशासन ने यह सीमा निर्धारित की है। यह क्षेत्र जयपुर शहर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें एयरपोर्ट का हिस्सा है। भविष्य में मेट्रो चलनी है। इसमें किस तरह का नए सिरे से विकास किया जाए, इसका निर्धारण अभी होना बाकी है। उसके लिए अलग से प्लानिंग की जाएगी।

- कई शहरों के लोकल एरिया प्लान और 2 वर्ष तक जयपुर की स्टडी करने के बाद सामने आया प्लान
- ग्रेटर निगम प्रशासन ने इस बदलाव के लिए लोकल एरिया प्लान की सीमा तय की

वर्मा ने बताया कि टोंक रोड पर रामबाग से बी टू बाइपास तक 6.5 किमी में आने वाले एरिया में किसी तरह की कोई अवाप्ति नहीं की जाएगी। इस एरिया में आने वाले इलाकों में लोगों की जरूरतों को देखते हुए किस तरह की प्लानिंग की जाए। इसका निर्धारण किया जाएगा। यहां भविष्य में ऊंची इमारतों, छोटे प्लाटों का पुर्नगठन कर बड़ी इमारतों की अनुमति, पार्किंग, सामुदायिक केन्द्र किस तरह बनाए जाए, उसे शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लोकल एरिया प्लान में जोनल प्लान जो पहले से बना हुआ है उसे भी शामिल करेंगे। यह मास्टर प्लान 2025 का हिस्सा होगा। इसमें जो भी बदलाव किए जाने हैं, उसे मास्टर प्लान और जोनल प्लान में शामिल करेंगे। जरूरत हुई तो जोनल प्लान में बदलाव भी किया जा सकता है। आने वाले गुजरात के कई शहर इस बदलाव का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें अहमदाबाद, सूरत, साबरमती रिवर फ्रंट जैसे इलाके हैं। जयपुर के लोकल एरिया प्लान में आने वाले रिहायशी और कार्मशियल इलाकों में बहुमंजिला इमारतों की ऊंचाई बढ़ान की अनुमति मिल सकती है।

सड़कों का नेटवर्क मास्टर प्लान के हिसाब से विकसित होगा, नई सड़कें भी बनेंगी। अभी चुने गए क्षेत्र में सार्वजनिक उपयोग का क्षेत्र बढ़ाया जाएगा। पार्किंग, पार्क, पब्लिक प्लेस और हरित क्षेत्र के लिए खुली जगह बढ़ाई जाएगी। अनुपयोगी पड़ी सरकारी जमीन का उपयोग व्यावसायिक दृष्टि से होगा।

> जयपुर नगर निगम ग्रेटर के लोकल एरिया प्लान को मंजूरी दे दी गई है। इसका नोटिफिकेशन भी हो गया है। प्लान में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर सबसे ज्यादा जोर है। लोगों को उनकी करोड़ों की जमीन का अधिकतम एफ.ए.आर. (फ्लोर एरिया रेशो) देंगे, ताकि उसका समुचित उपयोग हो।
>
> रवि राय वर्मा, अतिरिक्त नगर नियोजक, ग्रेटर निगम

# तीन एन.जी.ओ. को भारतीय स्टेट बैंक के एम.डी. ने सी.एस.आर. में वित्तीय मदद की




**जयपुर, (का.सं.)।** भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक (रिटेल बैंकिंग एवं परिचालन) विनय एम. तोन्से ने जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिये काम करने वाले तीन गैर सरकारी संगठनों को सी.एस.आर. के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की।

तोन्से ने 33 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का चेक आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर के अध्यक्ष बी.एल.शर्मा एवं सचिव एल.पी.कोठारी को सुपुर्द किया। यह सोसायटी नेत्रदान के बारे में जागरूकता फैलाने और आंखों की रोशनी बहाल करने तथा दृष्टिहीन गरीब लोगों को निःशुल्क कोर्निया प्रत्यारोपण करने के लिये समर्पित है।

उन्होंने मानव सेवा समिति, कोटा के अध्यक्ष डॉ.गोविन्द्र राम मित्तल को 14.66 लाख रुपये की वित्तीय सहायता का चेक भी सौंपा। यह समिति समाज के कमजोर वर्ग की सेवा के लिये कोटा में "मैनकाइंड हॉस्पिटल" नामक अस्पताल चला रही है। समिति गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिये मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों की भी व्यवस्था करती है। चिकित्सा सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस की चाबी भी जयपुर कैलगिरी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ट्रस्ट, जयपुर के अध्यक्ष के.के.भटनागर एवं सुनील माथुर, निदेशक को सौंपी गई। यह ट्रस्ट निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करता है और गरीब और जरूरतमंद लोागें को निःशुल्क नेत्र उपचार प्रदान करता है।

जयपुर कैलगिरी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ट्रस्ट, जयपुर को दान की गई एम्बुलेंस को विनय तान्से, मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर, राजेश मिश्रा व अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई। इसके बाद जयपुर विशेष शाखा सांगानेरी गेट के 100 वर्ष पूरे होने पर तोन्से ने प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

## 'सचिन के परिजनों को 1 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी मिले'

**जयपुर, (का.प्र.)।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरआर तिवारी और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सवाई मानसिंह अस्पताल मैं गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने से सचिन शर्मा की मौत पर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मृतक के परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक मदद देने के साथ ही परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

खाचरियावास ने अस्पताल पहुंचकर गलत ब्लड ग्रुप का ब्लड चढ़ाने से 22 वर्षीय नौजवान सचिन शर्मा की मौत के लिए भाजपा सरकार की प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार मानते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल से सचिन शर्मा के परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की तथा राजस्थान की जनता को यह विश्वास दिलाने की मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटना घटित नहीं हो। खाचरियावास ने कहा कि मृतक सचिन शर्मा गलत ब्लड ग्रुप चढ़ाने से तड़पता रहा और अंत में उसकी मौत हो गई। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को सरकार का हनीमून पीरियड छोड़कर उससे और उसके परिवार से अस्पताल में आकर मिलने की फुर्सत तक नहीं मिली, क्योंकि सरकार का दर्द मर चुका है, उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा सांसद चुनाव कैसे जीता जाए उसके मैनेजमेंट में लगी हुई है। कांग्रेस सरकारों के समय में दुर्घटना होने पर भी एक करोड़ और उससे अधिक का मुआवजा और सरकारी नौकरियां दी गई थी।

## मां का भरण पोषण नहीं करने वाला बेटा संपत्ति से बेदखल

**जयपुर।** अपीलीय अधिकरण कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर ने वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण कानून से जुडे मामले में 90 साल की मां का भरण-पोषण व देखभाल नहीं करने वाले बेटे को मां की संपत्ति से बेदखल करने का आदेश दिया है। अधिकरण ने आदेश में कहा कि बेटे को अपीलार्थी मां संपत्ति बेदखल करें और अपीलार्थी के रहने में बेटा कोई बाधा पैदा नहीं करे। अधिकरण ने आदेश की पालना के लिए कॉपी एसडीएम को भेजी है। यह आदेश सुखरानी की अपील पर दिया। अपील में एसडीएम कोर्ट के एक दिसंबर 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसके वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण कानून के तहत दायर प्रार्थना पत्र को बिना सुने ही खारिज कर दिया था।

## मानसिक दिव्यांग बहन से दुष्कर्म करने वाले भाई और तीन दोस्तों को उम्रकैद

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने दस साल की मानसिक दिव्यांग बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त भाई और उसके तीन दोस्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्तों पर कुल छह लाख बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि अभियुक्त को शेष जीवन जेल में रखा जाए। पीठासीन अधिकारी संदीप कुमार शर्मा ने अपने आदेश में कहा की पीडिता स्वयं अपने परिजनों पर निर्भर थी और उसे ही बोझ समझकर घटना कारित हुई थी। ऐसे में उसके परिजनों को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत कोई प्रतिकर दिलाना न्यायोचित नहीं है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया की 18 मई, 2020 को परिवादी ने मनोहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया की वह ईट थपाई का काम करता है। एक दिन पहले 17 मई को उसकी मानसिक दिव्यांग दस साल की बेटी दोपहर के समय खेलते-खेलते कहीं निकल गई। बच्ची की तलाश करने पर पुलिस को 21 मई को पास के जंगल से पीडिता की लाश मिली। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया की अभियुक्त भाई के बहकावे में आकर पीडिता उसके साथ जंगल की तरफ चली गई थी। इस दौरान अभियुक्त भाई ने अपने तीन दोस्तों को घटना में शामिल कर दिया। चारों अभियुक्त बच्ची को टोडी के पास पहाड़ी से गुजरने वाले रास्ते से जंगल ले गए और बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

## नियमन शिविर रद्द करने की मांग

**जयपुर।** पृथ्वीराज नगर जोन-19 के ग्राम गोलवास में जे.डी.ए. की ओर से 26 फरवरी को लगाए जा रहे नियमन शिविर को निरस्त करने की मांग उठी है।

काश्तकार शंकर लाल शर्मा, रामस्वरूप अशोक शर्मा, कृष्ण शर्मा व चांदलाल समेत कई काश्तकारों ने खसरा नंबर 419 तथा 420 ग्राम गोलावास बाहुबली नगर विस्तार शंकर भवन गृह निर्माण सरकारी समिति के पट्टों को फर्जी बताते हुए नियमन कैंप को निरस्त करने की मांग रखी है। इनका कहना है कि उच्च न्यायालय में यह मामला वर्ष 2018 से विचाराधीन है,मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच के आदेश भी दिये हैं, इसके बावजूद जेडीए प्रशासन यह नियमन शिविर लगाने पर आमादा क्यों है।

## सार-समाचार

### हैंडलूम व टेक्सटाइल प्रदर्शनी शुरू



**जयपुर।** जयपुर क्लब में शिल्पकारी, हैंडलूम और टेक्सटाइल्स की एक अनोखी प्रदर्शनी का उद्घाटन मोटिवेशनल स्पीकर, छवि राजावत ने किया। इस अवसर पर सीआईआई-आईडब्लूएन राजस्थान की चेयरमैन तनूजा अग्रवाल, फोर्टी वूमेन विंग की प्रेसिडेंट, डॉ. सुनीता शर्मा वशिष्ठ अतिथि रहीं। प्रदर्शनी में देश भर से प्रख्यात हैंडलूम और टेक्सटाइल के उत्पाद एवं लाइफस्टाइल अक्सेसरीज़ हैं, जैसे की साड़ियाँ, ड्रेसेस, होम फर्निशिंग और फैब्रिक, हैंड बैग इत्यादि। छवि पंत, अनीता साहू, अर्चना डालमिया जैसे कई हस्तशिल्प प्रेमियों ने प्रदर्शनी को सराहा। छवि राजावत ने कहा, "यह प्रदर्शनी हमारे देश की हस्तशिल्प और हस्तकला की धरोहर का संरक्षण करने और उसे प्रोत्साहन देने का एक मंच है।" तनुजा अग्रवाल ने साझा किया, "मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ यह देखकर के इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प कारीगर एक ही छत के नीचे अपनी भिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।" इस पर सुनीता शर्मा ने कहा कि, "भारत के प्राचीन हस्तशिल्प को लुप्त ना होने देना एवं हमारे पारम्परिक बुनकरों और कलाकारों को प्रोत्साहन देना हमारा सामाजिक कत्तर्व्य है।" प्रदर्शनी की क्यूरेटर, शिल्पी भार्गव ने साझा किया, "शिल्पकारी मेरा विशेष प्रयास है जिसके माध्यम से में देश भर के कुशल शिल्पकारों और बुनकरों को कला एवं हस्तशिल्प प्रेमियों से जोड़ सकूँ।" रोटरी क्लब जयपुर साउथ की प्रेसिडेंट एवं मैडिटेशन एक्सपर्ट, निर्मला सेवानी ने अपनी चांटिंग से प्रदर्शनी के उद्घाटन में अध्यात्म का माहौल बनाया। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक है।

### कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परिणाम रोका

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 का अंतिम परिणाम जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत में राज्य सरकार और कर्मचारी चयन बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश पंकज कुमावत व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रघुनंदन शर्मा ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती के करीब 5400 पदों के लिए गत वर्ष भर्ती निकली थी। इस भर्ती में पदों के मुकाबले पंद्रह गुणा अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया। याचिका में कहा गया कि समान पात्रता परीक्षा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी शामिल होते हैं। वहीं कई अभ्यर्थी ऐसे भी होते हैं जिनके पास कंप्यूटर की डिग्री नहीं होती। वहीं कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती में आयु सीमा 21 से 40 साल रखी गई है और स्नातक के साथ-साथ कंप्यूटर की योग्यता भी अनिवार्य रखी गई है इस तथ्य की अनदेखी करते हुए चयन बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा से मेरिट में आने वाले अभ्यर्थियों को बुला लिया।

# राज्य में भाजपा की सरकार बनीं तो 3 वर्ष बाद ग्रेटर निगम के 7 चेयरमैनों को मिली "पावर"

## महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने पहली बोर्ड मीटिंग में 17 समितियों के साथ बनाई थी 7 अतिरिक्त समितियां

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब ग्रेटर नगर निगम जयपुर के 7 चेयरमैनों को 3 वर्ष बाद उनकी शक्तियां (पावर) मिली है। अब तक यह संचालन समितियां सिर्फ कागजों में घूम रही थी। शुक्रवार को स्वायत्त शासन निदेशक सुरेश ओला ने 28 जनवरी 2021 को ग्रेटर निगम की बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इन 7 अतिरिक्त कमेटियों को मंजूरी दी है। आदेश में कहा गया है कि यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

दरअसल महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 3 वर्ष पहले जब ग्रेटर निगम में सत्ता संभाली थी तो उन्होंने नगर पालिका एक्ट में उल्लेखित 17 समितियों के साथ-साथ 7 अतिरिक्त कमेटियां गठित कर 7 भाजपा पार्षदों विकास बारेठ, नरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र चिराणा, शंकरलाल शर्मा, अरूण शर्मा, अक्षत खूंटेटा और लक्ष्मण लूणिवाल को चेयरमैन बनाया था। चूंकि डॉ. सौम्या गुर्जर ने यह 7 अतिरिक्त समितियां महापौर की शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाई थी, इसलिए इनकी मंजूरी राज्य सरकार से लेनी आवश्यक थी। जिस वक्त यह वाकया हुआ, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी।

तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने इन 7 अतिरिक्त कमेटियों को मंजूरी नहीं दी। साथ ही अन्य चेयरमैनों की नियुक्ति का मामला भी हाईकोर्ट पहुंचा दिया, हालांकि अदालत से राहत मिलने के बाद 17 समितियां तो 'पावर' में आई, लेकिन इन 7 चेयरमैनों का अस्तित्व सिर्फ पार्षद होने तक ही सिमट कर रह गया। इन्हें बाकी 17 चेयरमैनों की तरह भत्ते और वाहन सुविधाएं नहीं मिली।

| चेयरमैन का नाम | संचालन समिति का नाम |
|---|---|
| विकास बारेठ | नगरीय विकास कर समिति |
| नरेन्द्र सिंह | अवैध भवन निर्माण निरोधक समिति |
| गजेन्द्र चिराणा | सामाजिक सहायक एवं लोक कल्याण |
| शंकर लाल शर्मा | वर्षा जल पुर्नभरण एवं संरक्षण समिति |
| अरूण शर्मा | फुटकर व्यवसाय पुनर्वास समिति |
| अक्षत खूंटेटा | सीवरेज संधारण समिति |
| लक्ष्मण लूणिवाल | अतिक्रमण निरोधक समिति |

चूंकि अब राज्य सरकार से इन 7 अतिरिक्त कमेटियों को हरी झंडी मिल गई है। इसलिए 28 जनवरी 2021 की बोर्ड मीटिंग में पारित प्रस्ताव के मुताबिक ही इन चेयरमैनों को समितियों का आवंटन होगा।

देखा जाए तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जयपुर शहर को दो टुकड़ों में बांटकर जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज निगम बनाए। हैरिटेज निगम में कांग्रेस ने निर्दलीयों के जोड़तोड़ से मुनेश गुर्जर को पहली महापौर भी बनाया, लेकिन 3 साल से ज्यादा समय बीतने के बावजूद वहां एक भी समिति का गठन नहीं हुआ और ना ही कोई पार्षद चेयरमैन बना। दूसरी तरफ जयपुर ग्रेटर नगर निगम की पहली बोर्ड मीटिंग में महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 24 समितियों के गठन की घोषणा की तो उसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले को अटका दिया। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा था कि कांग्रेस सरकार नहीं चाहती थी कि ग्रेटर निगम में चेयरमैन बनने के बाद हैरिटेज निगम में भी यह मांग पुरजोर उठे, क्योंकि जिन निर्दलीयों ने कांग्रेस को समर्थन दिया, वे सभी चेयरमैन की कुर्सी लेने की जिद पर अड़े थे। यही कारण है कि हैरिटेज नगर निगम में पिछले 3 वर्षों में सिर्फ 1 साधारण सभा की बैठक हुई। यहां तक कि बजट प्रस्ताव भी सीधे राज्य सरकार को भेजकर ही पास करवाया जा रहा है। कुछ पार्षदों ने हैरिटेज निगम में बोर्ड मीटिंग बुलाने के लिए अदालत की शरण भी ली, लेकिन अभी तक मामला ज्यों का त्यों बना हुआ है।

- उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के कारण तत्कालीन यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल ने इन समितियों को मंजूरी नहीं दी, इस कारण यह 7 चेयरमैन सिर्फ पार्षद बने घूम रहे थे
- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह मामला इसलिए भी जानबूझकर अटकाया, क्योंकि हैरिटेज निगम में महापौर मुनेश गुर्जर ने पिछले 3 वर्ष में समितियां बनाकर चेयरमैन ही नहीं बनाए



## World Bartender Day

The *bartender* might be just about everyone's favourite person on a night out! Bartenders are able to keep people well-supplied, with tasty beverages, most likely those of an alcoholic variety, at any bar or pub they happen to visit. More than just serving drinks, though, bartenders often offer a listening ear, a bit of information, or even some advice. Some people even consider a bartender to be their 'unofficial therapist!' It's time to celebrate those men and women who work behind the bar. It's time for *World Bartender Day*!

#ACCOMPLISHMENT

# JAIPUR'S JEWELLERY SHINES BRIGHT

House of *Sunita Shekhawat's Padmapriya collection* takes center stage, uniting tradition with modern elegance, in the illustrious celebration of love at the 'Lagan Lakhvanu' ceremony of Anant Ambani and Radhika Merchant.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



For centuries, Jaipur has been synonymous with exquisite *jewellery*, a legacy passed down through generations of skilled artisans and revered craftsmen. From ornate *Kundan* and *Polki* sets to intricately carved *gemstones*, *Jaipur's jewellery* reflects a timeless elegance that transcends fleeting trends. Jewellery shopping in Jaipur is a quintessential experience, whether indulging in exquisite silver trinkets, or selecting the perfect pieces for a wedding ensemble.

One of the most anticipated weddings, the union of Radhika Merchant and Anant Ambani is around the corner. The couple recently had their 'Lagan Lakhvanu' ceremony, which has been creating waves on the internet. The groom's mother, Nita Mukesh Ambani and bride-to-be, Radhika Merchant were seen adorning jewellery from Jaipur's renowned jewellery brand, *House of Sunita Shekhawat*.

Nita Mukesh Ambani adorned the exquisite *Padmapriya Collection*. This bespoke collection, a beautiful symphony of the lotus flower and parrots, holds deep symbolism reflecting the founder's profound love for *Goddess Laxmi*. Crafted with meticulous precision, the Padmapriya Collection features *champlevé* and intricacies of *Gulabi meenakari* on 22 karat gold, enriched with *Zambian* emeralds, *polkis*, and south sea pearls. Custom-made, specifically for Mrs. Nita Mukesh Ambani, the Padmapriya Collection played a significant role in the pre-wedding festivities.

Behind the mesmerizing allure of the Padmapriya Collection lies an extraordinary dedication to craftsmanship. Sharing details about the collection, the designer, Sunita Shekhawat shared, "The pieces required a copious 550 man-hours to bring each detail to life. To impart a personal touch to the collection, I met Mrs. Ambani personally. Detailed discussion was held on crafting the piece, right from design to sketch. After a number of meetings and discussions, the final clearance was given for the collection."

Expressing her joy at seeing Nita Mukesh Ambani wearing her creation, Shekhawat further informed, "It is a moment of immense pride for us to see Mrs. Ambani gracing our Padmapriya Collection. Her elegance and poise add an extra layer of beauty to our creation. Jaipur's jewellery is famous all over the world. It is a matter of pride for our city too that jewellery, designed and manufactured in the Pink City, has become a part of such a significant celebration in the Ambani family."

Radhika Merchant, on the other hand, was seen wearing a 22 karat gold *Guttapusalu* necklace set, from the House of Sunita Shekhawat. With sizable *polki* diamonds, emeralds and pearls, the piece was a testament to the timeless allure of Jaipur's illustrious jewellery heritage.

It is worth noting that Shekhawat has been working with the same artisans, since 1999, which allows them to achieve an exacting 'consistency' in every piece. In the last decade, the House of Sunita Shekhawat has grown to be a family-run label with Niharika and Digvijay Shekhawat joining their mother. With their constant need to innovate, the House's upcoming line-up includes art deco jewellery, and India's first-of-its-kind *jewellery museum*, dedicated to *polki* and *meenakari,* in Jaipur.



# Seventy-Seven Years On, Partition Still Traumatises

> I realised that *Mirpur* was different than anything else, I had heard about before, and perhaps, I wasn't equipped to understand it. On the second night, well, past midnight, I reached out to the only other person I knew, who had worked with Mirpuri families. I met Prakhar Joshi, the following week. An engineer, he was one of the first *Story Scholars of the 1947 Partition Archive,* who recorded stories of families that migrated from Jammu and Kashmir in 1947. He had a particular interest in border villages. "I haven't recorded anything since 2016, but this was my first assignment with the archive, and I really had no idea what I was getting into," said Joshi. "There was so much silence about Mirpur, and because of the sheer degree of violence, families had distanced themselves from what had happened. Ultimately, I managed to record over 60 stories."








Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*



November 25, 1947 *Mirpur massacre*: An ill-fated day that reminds us of injustice and infringement, brutality and bloodshed. '*1947*' is remembered as the 'year of our Independence' and the year that witnessed 'India-Pakistan partition.' The dreadful year is also remembered for the most horrible massacre of Indian history. Around 35,000 Hindu and Sikh refugees in Mirpur of today's J&K were mercilessly slaughtered and women were raped. The conspirators were armed Pakistani tribals and soldiers who carried out the first Kashmir war ever, that occurred on and around November 25, remembered as the *Mirpur Day*.

In 1947, during the partition of India and Pakistan, when thousands of Hindus from Pakistan had migrated to Mirpur from Punjab and Muslims from Mirpur were migrating to Pakistan. Mirpur was part of the erstwhile princely state of Kashmir, then. As the offer of accession by Maharaja was accepted by Govt. of India on 26th of Oct. 1947, little did Hindu and Sikh minorities, living in Muslim-majority western areas of Jammu region and in Kashmir valley, know what awaited them.

The Pakistan Army conceived a military plan to invade Jammu and Kashmir, under the guise of military campaign. They code-named their conspiracy as 'Operation Gulmarg.' The strategy was planned and executed with the assistance and guidance of British rulers only, it is widely known.

A major attack was carried out by the enemy on 23rd of Nov 1947, from the main eastern gate and was repulsed by the death squads of Mirpuri youths in hand-to-hand fight. Youths of Mirpur withstood the soldiers on the defence posts for days, but with lack of local support, faced with weapons and growing number of Pakistani armed men, they embraced ill fortune. The only wireless equipment with the state forces broke down and the fresh stronger attack by the enemy forces, on 24th morning, frightened the state forces, who left the battle scene with the information to the civil population 'to move to safer places.' On the gruesome morning of November 25, Pakistan army and tribesmen entered the city and set several parts of the city on fire, causing chaos and turmoil across the city. Large-scale rioting took place.

The residents of Mirpur had pledged to not let Pakistani invaders enter the city and hence, fought the invaders to their last breath, but by then, thousands of killings had happened. The 'dance of death' continued till afternoon and at the end of day, 18,000 people were slaughtered in the most barbaric way, by Pakistan army and tribals. The raiders killed 10,000 of the captives along the way back and abducted 5,000. The remainders, most of them women or children, were marched to Alibeg Gurudwara Sahib, which was converted to a prison camp. Only 2000 people could reach Janger on foot and then escorted by Indian army to Jammu refugee camp. Women were raped and abducted. To avoid the victimization, many women committed 'mass suicide' by consuming poison before falling into the hands of the militants. Many, who didn't get the poison, were done to deaths with swords by their fathers and brothers. Men, too, committed suicide.

On the north side in Mirpur were Gurdwara Dam Dama Sahib and Sanatan Dharma Temple. There lied a large lake and deep well in between them. In one incident, it's being said that an Arya Samaj school hostel had some 100 girl students, then. The hostel superintendent asked the girls to tie their *dupattas* on their heads, jump into the wells, and pray to God before dying that may they take re-birth as 'men and not women' in the next life. Later, she too took her life. The well was so deep that even water was not visible.

On and around 25th November, Pakistan army caught around five thousand Hindu girls. Many of these were raped, exploited and later sold in Pakistan, Afghanistan and Arab countries. The estimates measure the death toll at over 20,000.

Before the horrendous incident, the Mirpur district had about 75,000 Hindus and Sikhs, amounting to 20% of the population. Refugees, from Jhelum in western Punjab, had taken refuge in Mirpur town, causing the non-Muslim population to increase to 25,000. Sardar Mohammad Ibrahim Khan, the then president of Azad Kashmir, who visited the place during the event, had painfully confirmed that Hindus were 'disposed of' in Mirpur in November 1947, though, he didn't mention any figures. Currently, Mirpur is in Pakistan but there is no sign of the old Mirpur. Pakistan has submerged the old Mirpur by making *Mangla Dam* on the Jhelum River.

In March 1948, the ICRC, International Committee of the Red Cross, rescued 1,600 of the survivors from Alibeg, who were resettled to Jammu and other areas of India. By 1951, only 790 non-Muslims remained in areas that came to comprise *Azad Kashmir*, down from a previous population of 1,14,000 which used to live there. Survivors of Hindus and Sikhs from Muzaffarabad and Mirpur became displaced within Jammu and Kashmir, despite being on the land of their own ancestors. Unlike the refuges of Indian Punjab and Bengal, whose cases of compensation and land allotment were settled amicably by India and Pakistan, the PoK refugees still are labelled as 'refugees' only. They never got the status or the associated benefits of 'internally displaced people' by Jammu and Kashmir govt., for merely not carrying P.R.C. of the state. Having lost their relatives, land and belongings in the massacre back in 1947, the victims for 70 years have been struggling to seek their identity, owing to the blind governance and self-acclaimed powers.

"Are you not tired of listening to this old story?" asked the 90-year-old woman, I had travelled to Chandigarh to meet. "I've been talking for hours." Her story goes back to November 1947, when she was 19 years-old and nine months pregnant. She was fleeing the 'ethnic cleansing of Hindus and Sikhs in Mirpur,' in what is today the 'contested territory of *Pakistan-occupied Kashmir*.' She walked barefoot through a forest, without food or water, for three days before reaching an Indian army camp in Jammu. She recalled 'bullets raining' from the sky, killing her father, father-in-law and aunts. Her mother, grandmother, sister and two brothers had been abducted and taken to the concentration camp at Alibeg, in an old *gurdwara,* a few kilometres from the new Pakistani border. She described how people, no longer able to carry their young children, had buried them alive, and how she and her husband had licked mud to feel some wetness on their lips. When she gave birth to her daughter, cutting off the umbilical cord with a sword that she still possesses, the 'first instinct' was to abandon the child in the forest and move on so that at least the couple could survive (they eventually carried the child). When she was reunited with her abducted family, she barely recognised them since they had become skeleton-like, their hair and bodies infected with lice.

Even after I returned to Delhi, the story still consumed me. I barely slept. I was haunted by images of children buried alive and bullets raining down. I tried to listen to the recordings of the conversation the next day and that night again, I was unable to sleep. A few years ago, when I was consecutively recording several stories a week, images of those stories would amalgamate into one while I slept. I would wake up frantically in the middle of the night.




#TEARS



## Collection of memories

I realised that *Mirpur* was different than anything else, I had heard about before, and perhaps, I wasn't equipped to understand it. On the second night, well, past midnight, I reached out to the only other person I knew, who had worked with Mirpuri families. I met Prakhar Joshi, the following week. An engineer, he was one of the first *Story Scholars of the 1947 Partition Archive,* who recorded stories of families that migrated from Jammu and Kashmir in 1947. He had a particular interest in border villages. "I haven't recorded anything since 2016, but this was my first assignment with the archive, and I really had no idea what I was getting into," said Joshi. "There was so much silence about Mirpur, and because of the sheer degree of violence, families had distanced themselves from what had happened. Ultimately, I managed to record over 60 stories."

Joshi talks about a group, imprisoned in a cave in the mountains, where people were being segregated on the basis of gender and religion. At the time, seeing that it was only Sikh males who were being killed, a Sikh father chopped off his son's hair. Another pleaded to the perpetrator, to be allowed to sit with his dying daughter until she succumbed, an ordeal that lasted 48 hours, before he, too, was mercilessly killed. Joshi recounted the story of a woman who, after fleeing from Mirpur, found refuge in a *gurdwara* in Jammu, where she used her long hair to sweep the floor, and in this way, fed her family. He spoke about a father and an elder son, who severed off the mother's head, as the younger son watched, because they were fearful of the worse things that could happen, if she were caught by the 'other.'

Joshi admits that it was only on his return to Delhi that he realised something had happened to him during his time in Jammu and Kashmir. He became quieter and barely responded to emotion. The accumulation of 'traumas' had made him a receptacle of violent memory. Since, he no longer works with the *1947 Partition Archive*, does he still think of these families? "It's difficult to forget them," he said. "I live in Lajpat Nagar, a refugee colony, and each time, I see a name plate for a Mahajan or Gupta or Ahuja (common last names from Mirpur), they take me back."

## Importance of distance

Feminist writer and publisher of *Zubaan Books*, *Urvashi Butalia*, in her seminal work, '*The Other Side of Silence*' writes about being 'emotionally entangled' with her research material. Did it matter to the people I was speaking to, that the memory of 'Partition' not be lost? That the history of 'Partition' had ignored their experiences and stories, and mine was a part of an exercise, tentatively begun, to restore these stories to history? That remembering, to me, was an essential part of forgetting. I had no 'easy answers' to these questions.

## 'The Other Side of Silence'

She continues this section of her book by talking about how the burden of 'stories of trauma' often felt, as though it had 'shifted' onto her, during the course of the conversation. How, once people began to emerge out of their initial reluctance, they spoke for long and cathartically, making her the 'listener,' the 'bearer of the burden.'

Ritu Menon, publisher at *Women Unlimited* and co-author of '*Borders and Boundaries: Women in India's Partition*' also recalls the voices that remain. "In *Borders and Boundaries*, there is the story of B, who, at 16-17 years, is the eldest of seven sisters. Somehow, the caravan, exiting Lahore, leaves behind B and her father. Eventually, he is killed and she is left at a camp in the care of a local *tehsildar*. When two years pass and no one comes looking for B, the *tehsildar*, who has, indeed, taken care of her, decides to get B and his son married. The couple is happy, B is not forced to convert, she has learnt Urdu and over the years, gives birth to three children. But little does she know that her brother has come to Pakistan, several times, to look for her. Finally, she is retrieved against her will in 1957-'58, and pressured by her brother, is taken to India, where she refuses to stay with the family, but, instead, in an *ashram*. The brother tries his best, but she says in Punjabi, "*Main aithe aa gayee aan, bas. Meri jo tabaahi honi si, ho gayee hai.*" (I have come here at your insistence, that is enough. I have lost everything now, I will not go anywhere). Eventually, B makes something of her life, but it was not a life that she had wanted to live because she never wanted to return.

What Menon cannot forget is 'the words B had said,' when they asked her about her past, "*Daffa karo, hun ki yaad karn hai, daffa karo*." (Leave it, what is use in recalling the past, forget it!)

So, what are the words we use to describe trauma, talk about division, render emotional and physical loss, and encapsulate belonging or lament? "The relation between 'Partition and language' is a complicated one," author and translator, Rita Kothari, wrote in a piece titled, '*Speaking about Partition*' from 2017. "Were languages capable of bearing the burden of words that could capture the enormity of 'Partition?' Words such as *bantwara* or *vibhajan* (both connoting division in Hindi), *ladpalayan* (migration and exodus) or *virhango* (separation in Sindhi) appear too quotidian to fully capture the 'trauma' of this experience. Do we have words, for instance, to articulate the *minoritisation of Urdu* in India as well as the *hegemony of Hindi*?" she asked poignantly. Clearly, the burden is not just of memory, but also of 'articulating' it.

Why is it that people chose to remain quiet? Why did they normalise this 'traumatic displacement?' They didn't talk, cry out, describe or feel. On the contrary, they suffocated traumatic memory, depressed it lower into their bodies, allowed it to fester and perhaps, even lead to prejudice among subsequent generations. What happens when a crisis is no longer an active crisis, but a latent, lingering one? Does its memory not require and demand exploration? Should its 'first-hand accounts' be dismissed on the basis on being 'inherently unreliable' because they cannot be corroborated or proven? As Butalia writes in *Partition: The Long Shadow*, "The exploration of memory is not something that is or can be finite. Every historical moment that offers us the possibility of looking at it, through the prism of memory, demonstrates that *the more you search, the more there is that opens up*."

rajeshsharma1049@gmail.com



#SKINCARE

# Should you use 'dates' as a face scrub?

Soak the dates in milk overnight. Mix it with *malai* or cream and make a smooth paste in the grinder. Add the lemon juice and apply it evenly on your face, while massaging it in a circular motion. It's a great face scrub and pack.



Many of us resort to simple, herbal ingredients for many of our skin issues. While using potato, turmeric, sandalwood, and many such ingredients are commonplace, not many may have used 'date paste' for the skin. Some nutritionists recommend using 'soaked dates in milk' as a *scrub* and a *pack* for skin. Let's try to understand if it truly works.

Soak the dates in milk overnight. Mix it with *malai* or cream and make a smooth paste in the grinder. Add the lemon juice and apply it evenly on your face, while massaging it in a circular motion. It's a great face scrub and pack.

While the described face pack made from dates, milk, *malai* (cream), and lemon juice may provide a soothing and potentially nourishing experience for the skin, it's important to approach such homemade remedies with a balanced perspective.

### Hydration and nourishment

Dates are rich in vitamins and minerals that could offer hydration and nourishment to the skin. The *milk* and *cream* components may contribute additional moisturising properties. However, the effectiveness of these ingredients on the skin can vary from person to person.

### Exfoliation

The *circular massaging motion* during application, coupled with the granular texture of dates, can act as a 'gentle exfoliant.' Exfoliation can help remove dead skin cells and promote a smoother complexion. However, individuals with sensitive skin should be cautious, as over-exfoliation can lead to irritation.

### Antioxidant and anti-inflammatory potential

Dates contain *antioxidants* that may help combat free radicals, potentially providing anti-ageing benefits. Additionally, lemon juice is a source of vitamin C, known for its antioxidant and brightening properties. These components might contribute to a healthier-looking complexion and help reduce inflammation.



### pH balance and sensitivity

It's crucial to consider the *pH balance* of the skin. Lemon juice is acidic, and while it can provide a mild exfoliation, excessive use may disrupt the skin's natural pH and lead to irritation. Individuals, with sensitive skin or conditions such as eczema or rosacea, should be cautious with acidic ingredients.

### Customisation for skin types

Different skin types have distinct needs. While this face pack might work well for some, it may not be suitable for others. A dermatologist can provide personalised advice based on an individual's skin type, concerns, and any pre-existing skin conditions. Consulting with a dermatologist ensures a *personalised skincare approach*, tailored to individual needs, and helps avoid any adverse reactions or unintended consequences.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बुजुर्ग की हत्या का पर्दाफाश, आरोपी को गिरफ्तार किया

## पहले शराब में जहर दिया, इसके बाद हथौड़े से वार किए थे

**झुंझुनूं,** (निसं)। बिसाऊ पुलिस ने 24 घंटे में ही निराधनूं के बुजूर्ग बजरंगलाल की हत्या का राजफाश कर दिया है। मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह हत्या यूपी से लड़कियां लाकर राजस्थान में पैसे लेकर उनकी शादियां करवाने के अवैध मानव तस्करी के धंधे से रोड़ा हटाने के लिए की गई थी। जिसके बाद पुलिस भी चौंक गई।

मामले का राजफाश करते हुए एसपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि गुरूवार सुबह निराधनूं की जोहड़ में नर्सरी के गड्ढे में 60 वर्षीय बजरंगलाल का शव मिला था। इस संदर्भ में मृतक के बेटे राजेश ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो बजरंगलाल का ही पड़ौसी सुभाष पुत्र रणजीत जाट संदिग्ध लगा। जिसकी तलाश की गई तो पता चला कि वह रात को गांव आया था और यूपी जाने की फिराक है। जिस पर



बिसाऊ पुलिस ने बुजुर्ग बजरंगलाल की हत्या का राजफाश कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने घेराबंदी कर सुभाष जाट को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने हत्या किया जाना कबूल कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में सुभाष पुत्र रणजीत जाट ने बताया कि उसकी शादी यूपी की एक लड़की के साथ हुई है। इसलिए वह अक्सर यूपी रहता है। साथ ही यूपी की लड़कियों की राजस्थान के लड़कों के साथ पैसे लेकर शादी करवाता है। यही काम मृतक बजरंगलाल भी करता था। लेकिन कुछ समय से सुभाष के यूपी रहने के कारण बजरंगलाल का यह धंधा मंदा पड़ गया तो उसने यूपी के एक व्यक्ति से सुभाष पर हमला करवाया। सुभाष ने भी बजरंगलाल को रास्ते से हटाने का फैसला ले लिया। ताकि राजस्थान में वह अकेला यह व्यापार कर सके और बजरंगलाल इस व्यापार में उसको परेशाना करें। वह यूपी से अपने घर आया। घर पर रखे फोन से बजरंगलाल को शराब पीने के लिए बुलाया। दोनों पहले शराब पी। इसके बाद उसने बजरंगलाल की शराब में जहर मिला दिया। जिससे बजरंगलाल बेहोश हो गया। सुभाष ने बजरंगलाल को एक गड्ढे में पटक दिया और हथौड़े से सिर पर दो वार किए। जिससे बजरंगलाल की मौत हो गई। घटना के बाद वह वापिस यूपी भागने के फिराक में था। लेकिन पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया है।

# चंबल की बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये

**धौलपुर,** (निसं)। जिले में नए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कार्यभार सम्भालते ही बजरी कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश देते ही धौलपुर डीएसटी की टीम ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। रात 2 बजे से सुबह 9 बजे तक धौलपुर भरतपुर हाईवे पर की गई कार्रवाई के दौरान बजरी लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए।

डीएसटी इंचार्ज घनश्याम सिंह की टीम और सैंपऊ थाना पुलिस ने पहली कार्रवाई को अंजाम रात दो बजे दिया। जहां उन्होंने तसीमों के पास भरतपुर की ओर बजरी लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहा ड्राइवर पुलिस को देखकर बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मौके पर छोड़कर भाग के निकला। सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी को लेकर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस और डीएसटी की टीम ने दूसरी कार्रवाई को सालेपुर गांव के पास अंजाम दिया। जहां ट्रैक्टर ट्रॉली चालक चंबल बजरी से भरे ट्रैक्टर को छोड़कर सरसों की



धौलपुर डीएसटी टीम ने बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की।

फसल का फायदा उठाकर भाग निकला। तीसरी कार्रवाई करते हुए सुबह 9 बजे सैंपऊ पुलिस के साथ डीएसटी की टीम ने बसई नवाब पुलिया के पास से बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। धौलपुर जिले के नवनियुक्त एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पदभार ठाहण करने के साथ ही जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। जिसके अगले ही दिन डीएसटी की कार्रवाई के बाद बजरी कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# दस लाख से अधिक के जेवर व नगदी चोरी

**मालपुरा,** (निसं)। क्षेत्र के मोर थानान्तर्गत दतोब गांव में शातिर चोरों ने रैकी कर सूने मकान के ताले तोड़ दस लाख से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

- छह लाख नगदी सहित 10 तोला सोना व एक किलो चांदी के आभूषण पार

पीड़ित दशरथ सिंह बडवा ने बताया कि गुरूवार की सवेरे वो अपने परिवारजनों के साथ जयपुर एक शादी समारोह में शिरकत करने गये थे। देर रात को वापस अपने गांव दतोब लौटे तो मकान की खिड़कियां व दरवाजे के ताले टूटे मिले। मकान में देखने पर कमरों में सामान कपड़े आदि बिखरे मिले तब चोरी की वारदात का पता लगा।

चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर शुक्रवार की सवेरे पहुंची थाना पुलिस ने मकान व वारदात स्थल का मौका निरीक्षण कर खिड़की दरवाजों सहित बिखरे सामान से फिंगर प्रिन्ट सहित अन्य साक्ष्य जुटाये।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अलमारी व बक्सों में रखी 6 लाख नगदी सहित तकरीबन 10 तोला सोना व 1 किलो चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोर चुरा ले गये। गांव के बीच में मकान के ताले तोड़ इतनी बड़ी चोरी की वारदात होने की सूचना गांव सहित आसपास आग की तरह फैल गई। लोगों में सुरक्षा को लेकर दहशत का साया देखा गया।

# मंदिर का दानपात्र तोड़ नगदी चुराई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शंभूगढ़ थाना अंतर्गत अज्ञात चोरों ने मध्य रात्रि जगपुरा पंचायत मुख्यालय के रघुनाथपुरा गांव में स्थित सगस जी महाराज के मंदिर में प्रवेश कर दानपत्र को सरिया से अंट लगाकर तोड़ दिया एवं राशि ले उड़े। गांव के ग्रामीण जब प्रातः दर्शन करने पहुंचे तो दानपात्र टूटा हुआ देखा। , चोरी की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीण जन एकत्रित हो गए और दानपात्र का एक ढक्कन कुछ ही दूर रोड़ी स्थल पर मिला ग्रामीणों ने शंभूगढ़ थाने पर दूरभाष पर सूचना दी। सगस जी महाराज मंदिर पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां निरंतर इस नेशनल 148 हाइवे के समीप गांवों में अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद हैं। विगत दिनों भी अज्ञात चोरों ने किसानों की बकरियां चुरा ले गए थे जिनका अभी तक पता नहीं चला।

# बैंककर्मी बनकर एडवोकेट से ऑनलाइन ठगी

**अजमेर,** (कासं)। शहर में ऑनलाइन ठगी की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को ऐसा ही एक ओर मामला सामने आया है। क्रिश्चियन गंज थाने क्षेत्र में रहने वाले वकील से शातिर ठग ने बैंक कर्मचारी बनकर ऑनलाइन ठगी की वारदात अंजाम दी। शातिर ठग ने मोबाइल पर एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर 2 ट्रांजेक्शन के जरिए 1 लाख 18 हजार 290 बैंक खाते से निकाल लिए। पीड़ित वकील ने थाने में ठगी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- शातिर ठग ने एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर खाते से राशि निकाली

क्रिश्चियनगंज थाने के शास्त्री नगर निवासी वकील गुलजीत सिंह छाबड़ा ने रिपोर्ट में बताया कि उसने अपने मकान मालिक के बैंक अकाउंट में किराया व सिक्योरिटी राशि 20 हजार रुपए अपने बैंक ऑफ बडौदा अकाउंट से ट्रांसफर किए थे। इस दौरान उसे अमाउंट ट्रांसफर मैसेज आया था। इसके बाद बैंक के नंबर पर कॉल किया लेकिन फोन नहीं लगा। वकील ने बताया कि उसने ऑनलाइन सर्च करके बैंक का नंबर निकाला। कॉलर ने उसकी समस्या सुनी और पीड़ित से कहा कि उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आधिकारी फोन करेंगे, कुछ मिनट बाद ही उसे दूसरा फोन आया कॉलर ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया था। फर्जी अधिकारी बनकर उसे राशि रिफंड करने का झांसा दिया।

पीड़ित ने बताया कि पहले उसे कॉलर ने 5 रुपए दूसरे अकाउंट में डलवाए थे। इसके बाद एक ऐप डाउनलोड करवाई गई। इसी दौरान उसे बातों में उलझा कर अलग.अलग प्रोसेस करवा कर करीब दो ट्रांजैक्शन के जरिए 1 लाख 18 हजार 290 रुपए विड्रोल कर लिए। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित बुजुर्ग एडवोकेट की ओर से क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आवारा कुत्तों ने भेड़ों पर हमला किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा जिला क्षेत्र के डाबला कचरा ग्राम पंचायत में बीती रात आवारा कुत्तों ने घर के पीछे बने बाड़े में घुसकर भेड़ों पर हमला कर दिया। हमले में दो दर्जन से अधिक भेड़ों की मौत हो गई है, दर्जन भर घायल है। सुबह कालू लाल बैरवा के परिजनों को जानकारी मिलने पर महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

स्थानीय सरपंच की सूचना पर पटवारी व पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे तथा घायल भेड़ों का उपचार किया। स्थानीय सरपंच ने पीड़ित परिवार को सहायता हेतु 41 हज़ार का चेक देकर की आर्थिक मदद की। इस दौरान ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है। सोचा मिलते ही विधायक लालाराम बैरवा ने भी पीड़ित परिवार कालू लाल बैरवा से जानकारी ली तथा चिकित्सा टीम को मौके के लिए रवाना किया तथा पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने के लिए प्रशासन को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### श्रमिक ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** (कासं)। सविना थाना क्षेत्र में श्रमिक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को भीलवाड़ा फला कोलयारी फलासिया हॉल उदयपुर निवासी पप्पु पारगी (22) पुत्र कालु ने पेड़ पर बीस फीट उंचाई पर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू टीम की मदद से मृत को फंदे से नीचे उतारा। एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

# सड़क दुर्घटना में खनन व्यवसायी की मौत

## शंभूगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद निकटवर्ती शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के बालापुरा चौराहे पर शुक्रवार दोपहर में एक व्यक्ति की सामने से आ रहें खाखले के ट्रक से एक्सीडेंट हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

कार ट्रक की सामने की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परछक्खे उड़ गए। मौके पर सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों सहित भीड़ जमा हो गई जिससे सड़क पर जाम लग गया। मृतक की पहचान भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया निवासी विकास जैन (38) के रूप में हुई।

ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना शंभुगढ थाने में दी पुलिस ने सड़क से भीड़ को हटाकर जाम खुलवाया। शंभूगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से आसींद सीएचसी पहुंचाया, पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक आसींद क्षेत्र में खनन व्यवसाय का काम करता था जो किसी काम को लेकर गुलाबपुरा जा रहा था।



हादसे में की कार के परछक्खे उड़ गए।

# हादसे में महिला की मौत, पुरूष घायल

## मजदूरी पर जा रहे बाइक सवार क्रेन की चपेट में आ गये थे

**जोधपुर,** (कासं)। रामराज नगर चौराहा के पास में हाइड्रो क्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार महिला और पुरूष घायल हो गए। दोनों मजूदरी के लिए जा रहे थे। इन्हें उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर महिला श्रमिक की मौत हो गई। वहीं पुरूष श्रमिक घायल हो गया। राजीव गांधी नगर पुलिस ने हाइड्रो के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्रतापनगर सदर के महादेव नगर संजय कॉलोनी गली नंबर 1 निवासी नाथूलाल पुत्र बाबूलाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी बहन 39 साल की चौखा बोंबे योजना की रहने वाली रेखा पत्नी राधेश्याम और साथी मजदूर मोहम्मद हारूण बाइक पर मजदूरी के लिए जा रहे थे। तब रामराज नगर चौराहा के पास में एक हाइड्रो क्रेन के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइक से गिर गए और घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी बहन रेखा की उपचार के बीच मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया।

# दो टैंकर की हुई टक्कर में चालक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा-पिण्डवाड़ा हाइवे पर गैस से भरे टैंकर ने आगे चल रहे दूसरे टैंकर को टक्कर मार दी। हादसे में एक टैंकर चालक की मौत हो गई जबकि एक चालक व खलासी घायल हो गए। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गोगुन्दा पिण्डवाड़ा हाइवे पर आबूरोड़ की तरफ से आ रहे गैस से भरे टैंकर ने आगे चल रहे केमिकल से भरे टैंकर को टक्कर मार दी। हादसे में केबिन में फंसने से चालक सवाईमाधोपुर हरिशंकर पुत्र रामशंकर गुर्जर निवासी धमकला सवाईमाधोपुर की मौत हो गई तथा दूसरे टैंकर का चालक खुणादरी खेरवाड़ा निवासी हरिशचन्द्र पुत्र कडूआजी गंभीर घायल हो गया।

# अनियंत्रित पिकअप पलटी, दो महिलाओं की मौत

## सगाई रस्म कर लौटते समय हुआ हादसा, एक दर्जन महिलाएं घायल

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के मलारना डूंगर थाना अंतर्गत लालसोट-मथुरा मेगा हाईवे के बहतेड गांव ईदगाह मोड़ पर गुरुवार रात्रि को करीब तीन बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई एवं करीब एक दर्जन महिला घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात्रि को मिर्जापुर जिला गंगापुर के निवासी दो अलग-अलग पिकअप में महिला, पुरुष सवार होकर बूंदी जिले के कोटखेडा गांव में सगाई समारोह की रस्म पूरी करके वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बेहतेड गांव के पास ईदगाह मोड़ पर महिलाओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार मुन्नी देवी व कमला देवी निवासी मिर्जापुर जिला गंगापुर की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई जिसे सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलारना डूंगर थाना पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर बाद ही पीछे से इसी गांव के पुरुषों की भरी पिकअप भी आ गई जिन्होंने मिलकर घायल व मृतकों को बाहर निकाला।

पुलिस ने एंबुलेंस 108 में मृतक व घायल महिलाओं को मलारना डूंगर चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मुन्नी देवी व कमला देवी को मृत घोषित कर दिया एवं मीरा (55), जीतू (30), राजा (35), केडी बाई (50), सुनीता बाई (30), हेमलता (30), राजी देवी (25), कृष्णा देवी (35), अमरावती, ग्यारसी देवी (47), कमला देवी (22), अर्चना देवी (29) मिर्जापुर घायल हो गए इनमें से चार गंभीर घायल महिलाओं को गंगापुर चिकित्सालय रेफर किया गया है अन्य घायलों का मलारना डुंगर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों मृतक महिलाओं का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना क्षैत्र सीए सर्कल पर फायरिंग करने के मामले में फरार तीन हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़ित फिरोज अहमद पुत्र शमाशाह अहमद निवासी खांजीपीर बीडा सूरजपोल ने शहजाद सराड़ी व साथियों के खिलाफ सीए सर्कल पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज करवाया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीखक योगेश गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल,पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर मय टीम ने फायरिंग के मामले में फरार तीन हजार रूपये के ईनामी बदमाश अयूब शाह पुत्र हसन शाह निवासी गोसिया कॉलोनी किशनपोल को तीतरडी चौराहा से डिटेन कर थाने लाकर प्रकरण के मामले में पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी सूरजपोल पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर है। मामले में अब तक मो. साजिद उर्फ टोनी व आशिफ खान बक्ष उर्फ बल्लु कटोरा, ईजहार उर्फ सेठु को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है।

# ग्राम विकास अधिकारी सुसाइड मामले में प्रदर्शन

## भीलवाड़ा में ग्राम विकास अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नीमकाथाना जिले की पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत चीपलाटा में नव पदस्थापित ग्राम विकास अधिकारी ललित कुमार बेनीवाल के सुसाइड मामले में उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शीघ्र गिरफ्तार करने व मृतक के परिवार को राज्य सरकार से यथा संभव आर्थिक मदद दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर वीडिओ संघ के मार्फत मुख्यमंत्री, विभाग के मंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजे गए।

इसी क्रम में कोटडी पंचायत समिति के ग्राम विकास अधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भी विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नामकाथाना जिले की पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत चीपलाटा में नव पदस्थापित ग्राम विकास अधिकारी ललित कुमार बेनीवाल गरीब दलित परिवार का होनहार लड़का था जो आईआईटी कानपुर से गोल्ड मेडलिस्ट ग्रेजुएट होने के साथ दो बार यूपीएससी की मुख्य परीक्षा दे चुका था। वर्ष 2023 में ग्राम विकास अधिकारी पदस्थापित ललित कुमार को ग्राम पंचायत चिपलाता के सरपंच मनोज गुर्जर, सरपंच के पिता एवं पूर्व सरपंच बीरबल गुर्जर, कनिष्ठ सहायक जयदेव, ग्राम पंचायत के ठेकेदार-एलडीसी पोखरमल एवं पंचायत समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बहुत अधिक मानसिक प्रताड़ना दी गई। ईस मानसिक प्रताड़ना का संपूर्ण विवरण ललित कुमार द्वारा पंचायत समिति के ग्रुप में स्वयं के मोबाइल से भेजे गए सुसाइड नोट में दर्ज है। ज्ञापन में बताया कि इस घटना के एक भी अभियुक्त की आज दिनांक तक गिरफ्तारी नहीं हुई, जबकि आठ पेज के सुसाइड नोट, मोबाइल मैसेज और परिजनों के बयानों से सब कुछ स्पष्ट है कि यह आत्महत्या नहीं, अपितु कुछ भ्रष्टाचारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना देकर की गई हत्या है।

ज्ञापन में बताया कि इस ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के इस प्रकार की कार्यशैली तथा घटना से प्रदेश के 11 हजार ग्राम विकास अधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में बताया कि इस प्रकरण में अगर उचित कार्यवाही नहीं की गई तो सात मार्च को पूरे प्रदेश के 11 हजार ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा अनिश्चितकालीन कलमबंद असहयोग किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष रमेश तेली, भरत तिवाड़ी, रोशन जमीर खान, मनोज कुमार, राजेश वैष्णव, राहुल काला, दयाशंकर मीणा, टीना माहेश्वरी सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन मंजिला अवैध कॉम्प्लेक्स को ए.डी.ए. ने ध्वस्त किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को सरकारी ओसीएफ भूमि पर अवैध निर्माण कर बनाए तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स पर पीला पंजा चलाकर कार्रवाई करते हुए निर्माण को ध्वस्त किया। उक्त सरकारी ओसीएफ की करीब 250 गज भूमि पर अवैध तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया था।

- एडीए ने सरकारी ओसीएफ जमीन से ध्वस्त किया अवैध निर्माण



अवैध निर्माण ध्वस्त करने के दौरान पुलिस का अतरिक्त जाब्ता तैनात रहा।

एडीए टीम की कार्रवाई के दौरान जिला पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता भी तैनात रहा। उक्त अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने के लिए बुधवार को भी एडीए की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन अतिरिक्त पुलिस जाब्ता नहीं मिलने के बाद टीम वापस लौट आई थी। अजमेर विकास प्राधिकरण के अवैध अतिक्रमण कार्रवाई टीम के तहसीलदार संदीप चौधरी ने बताया कि सरकारी ओसीएफ भूमि पर दिसंबर में अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। जिस पर जिला कलेक्टर और एडीए आयुक्त के निर्देश पर मामले में जांच की गई थी। गिरदावर की जांच में ओसीएफ की जमीन पर बिना स्वीकृति के अवैध निर्माण पाया गया।

तहसीलदार संदीप चौधरी ने बताया कि दिसंबर 2023 में भी अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति को पाबंद किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य जारी रखा रहा। जांच के बाद एडीए की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में जांच के बाद कारवाई के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को एडीए की टीम लोहागल पहुंची और जेसीबी मशीन से उक्त तीन मंजिला अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान इस दौरान पुलिस का अतरिक्त जाब्ता तैनात रहा।

## रामचरण महाराज की जयंती मनाई

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड के सोडा स्थित अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रणेता महाप्रभू स्वामी रामचरण महाराज की पावन जन्म स्थली रामद्वारा धाम में शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की शाहपुरा स्थित पावन रामनिवास धाम पीठ के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगतगुरू स्वामी आचार्य रामदयाल महाराज सहित दादू पीठाधीश्वर नरेना धाम ओमप्रकाश दास के पावन सानिंध्य में 304वीं जयन्ती महोत्सव मनाया गया।

रामस्नेही संत स्वामी जगबल्लभ राम महाराज ने बताया कि शुक्रवार को सोडा स्थित रामद्धारा धाम से अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की शाहपुरा स्थित पावन रामनिवास धाम पीठ के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगतगुरू आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज के पावन सानिध्य में भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। राजस्थान सरकार में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने दोनों पीठाधीश्वरों को श्रीफल भेंट कर चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया। केबिनेट मंत्री ने जुलुस के दौरान पीठाधीश्वर के रथ का सारथी बन रामस्नेही सम्प्रदा के इस पावन महोत्सव मेंं आमजन के साथ रामचरण जी महाराज के जयकारे लगाये। जो सम्पूर्ण सोडा ग्राम में भ्रमण के बाद जुलुस रामद्धारा धाम पहुंच कर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ।

# अस्पताल में मरीज के बैड पर गंदी चादर देख कलेक्टर ने नाराजगी जताई

**किशनगढ़ बास/खैरथल,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने सुबह जिला मुख्यालय के सेटेलाइट हॉस्पिटल, जलदाय सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने भर्ती वार्ड में बैड पर पुरानी गंदी चाद्दर बिछी मिलने पर व दवा स्टोर रूम में दवा के कार्टन इधर-उधर फैले दिखाई देने पर प्रभारी अधिकारी को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. दीपक शर्मा व संविदा कर्मी रासमुद्दीन एवं जलदाय विभाग के सहायक अभियंता सीताराम उपस्थित नहीं मिलने पर कारण बताओ नोटिस दिया।

■ **डॉक्टर दीपक शर्मा, संविदा कर्मी रासमुद्दीन व जलदाय एईन सीताराम अनुपस्थित मिले, नोटिस दिया**



**जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने सेटेलाइट हॉस्पिटल, जलदाय सहायक अभियंता कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।**

जिला कलेक्टर सुबह 9:30 बजे सेटेलाइट हॉस्पिटल खैरथल पहुंची। सबसे पहले चिकित्सकों एवं कार्मिकों की उपस्थिति का जायजा लिया। डॉ दीपक शर्मा और संविदा कर्मी रासमुद्दीन अनुपस्थित मिले जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दवा स्टोर रूम में पहुंच कर देखा तो दवाई के कार्टन इधर-उधर पडे मिले जिस पर दवा स्टोर इंचार्ज को फटकार लगाते हुए व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित करते हुए हिदायत दी।

मरीज भर्ती वार्ड में निरीक्षण के लिए पहुंची कलेक्टर ने देखा कि मरीजों के बैडों पर पुरानी गंदी चाद्दर बिछीं हैं। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और मौजूद डॉक्टर व स्टाफ को फटकार लगाई और चादर बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान मरीजों से बात की और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाएं और डॉक्टर कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के उपकरणों का निरीक्षण भी किया। अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी ली।

हॉस्पिटल निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची। वहां सहायक अभियंता सीताराम ड्यूटी पर नहीं मिले। कार्यालय पर मिले अधिकारी कार्मिकों से जानकारी ली और ऑफिस फाइलों को सही से रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले सहायक अभियंता को कलेक्टर ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

## एम.एस.टी. नहीं बनने से दैनिक रेल यात्री हुए परेशान

**सांभरझील,** (निसं)। गुढा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को मासिक सीजन टिकट (एम.एस.टी.) बनवाने पहुंचे दैनिक रेल यात्रियों को काफी इंतजार के बाद आखिरकार बैरंग लौटना पड़ा, इसकी वजह से स्टेशन मास्टर के प्रति काफी नाराजगी व्यक्त की गई और उचित कारण जानने के लिए स्टेशन मास्टर के चेंबर में घुस गए।

लोगों ने इसका एक वीडियो बनाकर भी वायरल किया बताया। यात्रियों ने बताया शटल का समय 6:40 का है छह बजे हमने एमएसटी बनाने के लिए बोला लेकिन ट्रैन प्लेटफार्म पर आने के बाद तक स्टेशन मास्टर ने टिकट नहीं दिया और ना ही एमएसटी बनाई। बताया गया कि दो चार को छोड़कर मजबूरन अधिकतर यात्रियों को बिना टिकट रिस्क लेकर सफर करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि गुढ़ासाल्ट रेलवे-स्टेशन पर कभी सर्वर डाउन तो कभी तकनीकी खामी बता दी जाती है जिस कारण लोगों को दूसरे स्टेशन से एमएसटी बनवानी पड़ती है। गौरतलब है कि इस वजह से रेल मंत्रालय को यहां के रेलवे स्टेशन की पर्याप्त राजस्व आय भी नहीं मिल पाती। दैनिक यात्रियों ने बताया आज से रेल सेवाएं शुरू होने के बाद मंथली पास बनवाने गए तो तकनीकी खराबी बताई गई। महीने में एक बार पास बनाने जाते हैं फिर भी समय पर काम नहीं होता है।

## सार-समाचार

### रीड की हड्डी का जटिल ऑपरेशन किया



**टोंक,** (निसं)। अब सिर व रीड की हड्डी की बीमारी के मरीजों को टोंक से इलाज के लिए जयपुर नहीं जाना पड़ेगा। सआदत अस्पताल टोंक में तैनात डॉ. रामजस चौधरी, न्यूरो सर्जन ने रीड की हड्डी का जटिल ऑपरेशन कर मरीज को दर्द से छुटकारा दिलाया है। अस्पताल की न्यूरो सर्जरी यूनिट में भर्ती मरीज आजाद कमर दर्द व पैर दर्द से पिछले 6 माह से बहुत परेशान था। इस वजह से उसको चलने फिरने में भी परेशानी आ रही थी। अस्पताल में दिखाने पर डॉ. रामजस चौधरी ने जांच देखकर बताया कि मरीज की स्लीप डिस्क (सियाटिका) की वजह से नसों पर दबाव है ऐसे में मरीज को ऑपरेशन की सलाह दी गई। आवश्यक जांचें कराने के बाद मरीज का 17 फरवरी को ऑपरेशन किया गया, ऑपरेशन सफल रहा। एक सप्ताह मरीज को ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद मरीज को दर्द से निजात मिल गई। अब मरीज को चलने फिरने में कोई परेशानी नही है। मरीज को 23 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। सआदत चिकित्सालय में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन है। इससे पूर्व डॉ. रामजस चौधरी एसएमएस चिकित्सालय जयपुर में कार्यरत थे।

### तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी

**निवाई,** (निसं)। शनिवार को नगरपालिका क्षेत्र में 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। जयपुर डिस्काउंट के सहायक अभियंता सीटी प्रथम ने बताया कि रिको फीडर से निकलने वाली सभी 11 केवी विद्युत लाइनों की मरम्मत की जाएगी। इसके चलते सुबह 8 से 11 बजे तक संपूर्ण निवाई क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड, इंदिरा कॉलोनी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, बीसलपुर पंप हाउस, झिलाय रोड भगतसिंह कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, शास्त्री नगर, 80 फिट रोड, दशहरा मैदान क्षेत्र, कीर कॉलोनी, भरकुंआ तालाब रोड, पहाड़ी चुंगी नाका व रीको क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### बच्चों से भरी स्कूल की बस पलटी

**अलवर,** (निसं)। रामगढ़ क्षेत्र के निवाली से काला कोठी रोड पर निजी विद्यालय संस्कार वैली की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में लगभग 15 बच्चे बैठे थे। जिन्हें ग्रामीणों व पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद बस के शीशे तोड़ खिड़कियों से बाहर निकाला। जिनमें में चार बच्चों के गंभीर चोट लगी थी जिन्हें एंबुलेंस की मदद से रामगढ़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जिनमें से राधिका और कल्पना दो छोटी बच्चियों को गंभीर चोट लगने के कारण अलवर रैफर कर दिया। बाकी ललिता व अन्य बच्ची को प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।

## पंचायत समिति की नई दुकानों को किराए पर देने की प्रक्रिया पर विवाद

**लालसोट,** (निसं)। पंचायत समिति लालसोट द्वारा बनाई गई नई दुकानों को किराए पर देने की प्रक्रिया विवादों में उलझ गई है और नीलामी करने की कार्रवाई से पहले छोड़ी गई विधिक कमियों के चलते गतिरोध पैदा हो गया है।

पंचायत समिति प्रशासन द्वारा नई दुकानों को किराए पर देने के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी जिसे लेकर नगर पालिका लालसोट के पूर्व अध्यक्ष रहे दिनेश मिश्रा द्वारा कई प्रकार की आपत्ति जताते हुए पंचायत समिति द्वारा अपनाई गई इस प्रक्रिया को गैर विधिक बताया गया है।

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिनेश मिश्र ने पंचायत समिति लालसोट द्वारा पंचायत समिति के पीछे नवनिर्मित दुकानों को किराए पर नीलाम करने की कार्रवाई रोके जाने को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व अध्यक्ष मिश्रा ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पंचायत समिति द्वारा नवनिर्मित दुकानें किराए पर निलामी की जारी की गई विज्ञप्ति में उक्त दुकानें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ही किराए पर आवंटित किए जाने को प्राथमिकता दी गई है जो नियमानुसार गलत है। इस शर्त पर आपत्ति जताते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि पंचायत समिति केवल ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन कर्ताओं को प्राथमिकता देने जैसे शर्त कैसे रख सकती है क्या पंचायत समिति शहरी क्षेत्र में होते हुए भी शहरी क्षेत्र के लोगों को खुली नीलामी में प्राथमिकता नहीं देकर उनके साथ सौतेला बर्ताव करने जैसा है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति परिसर अभी तक नगर पालिका के नाम है। जब पंचायत समिति उक्त भूमि की मालिक ही नहीं है तो फिर किराए पर दुकानें कैसे दे सकती है। पूर्व अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि जिन नवनिर्मित दुकानों को पंचायत समिति प्रशासन बनाकर किराए पर देने की तैयारी कर रहा है उसे कॉलोनी में रोड 30 फिट होना चाहिए जो मौके पर तीस फीट रास्ता भी नहीं है इसी के साथ लेआउट प्लान आदि भी नगर पालिका के नियमों के हिसाब से जारी नहीं हुए हैं ऐसे में यह प्रक्रिया पूरी तरह विवादित है।

# पावटा में शो पीस बनकर रह गया 50 लाख का मिनी स्टेडियम

**पावटा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेलो इंडिया योजना के तहत देश भर में मिनी स्टेडियम बनाकर उनके शुभारंभ को लेकर युवाओं को भागीरथ का इंतजार है।

ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने के लिए न तो खेल मैदान होते हैं और न ही कोई खेल सुविधा। जिसको देखते हुए सरकार ने खेलो इंडिया की शुरुआत की, जिसमें गांव में मिनी स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव है। जिन गांव में प्रस्ताव पास हुए वहां काम भी शुरू हुआ और स्टेडियम बनकर तैयार भी है और ऐसे ही उपखंड पावटा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का खेल स्टेडियम भी महज एक शो पीस बनकर रह गया है। इन दिनों यह स्टेडियम बदहाली का दंश झेल रहा है। ऐसे में खिलाडियों को दिक्कत हो रही है। खासकर सुबह व शाम के समय यहां बड़ी संख्या में खिलाडी पहुंचते हैं,



**मिनी स्टेडियम के शुभारंभ को लेकर युवाओं को भागीरथ का इंतजार है।**

लेकिन स्टेडियम में उनके लिए पीने की पानी तक की व्यवस्था नहीं हैं। स्टेडियम में शाम के बाद असमाजिक तत्वों का जमावडा लगा रहता है। हालात यह है कि दिन में भी लोग खुलेआम शराब खोरी करते हैं। रात में स्टेडियम परिसर में अवांछितों का जमावडा रहता है। उपखंड पावटा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जयपुर ग्रामीण पूर्व सांसद व वर्तमान कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड के प्रयास से खेलो इण्डिया खेलो के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18 में 50 लाख की लागत से इस स्टेडियम का निर्माण शुरू हुआ था जो कि पूरा भी हो चुका है। लेकिन आज तक इसमें रोशनी, दौडने के लिए ट्रैक की कोई व्यवस्था नहीं है। स्टेडियम एक साल पहले ही पूरी तरह से बन कर तैयार हो गया था। पिछले चार वर्षो से यह मिनी स्टेडियम भागीरथ का इंतजार कर रहा है। यह इंतजार उस मिनी स्टेडियम के उद्धार के लिए है, जिसके लिए कभी युवाओं ने सपने बुने थे। किशोर युवा हो गए।

## संत गाडगे की जयंती मनाई

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में शुक्रवार को धोबी समाज के द्वारा स्वच्छता के प्रेरक एवं राष्ट्रीय संत गाडगे की 148 वीं जयंती समाज के अध्यक्ष राजकुमार सांखला की अध्यक्षता में मनाई। सामाज के अमर कनौजिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संत गाडगे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात समाज के प्रबुद्धजनों ने गडसे की जीवनी पर प्रकाश डाला।


कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-17067 दिनांक-22.02.2024
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण 1989 सांगानेर जयपुर में आवेदिका श्रीमती दुर्गेश नंदनी राजावत पत्नी श्री के.पी. सिंह राजावत द्वारा आवेदन क्रमांक 21870 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन करने पर वरियता क्रमांक P-1387/LIG/G-1/HP/1989 निर्धारित किया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल की स्ववित्त पोषित योजना वर्ष 2013 द्वितीय चरण आवेदिका श्रीमती दुर्गेश नंदनी राजावत पत्नी श्री के.पी. सिंह राजावत द्वारा आवेदन क्रमांक 330 मध्यम आय वर्ग ब में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। सम्पूर्ण पंजीकरण को इस कार्यालय के निरस्तीकरण पत्र क्रमांक 11441 दिनांक 18.10.2023 के द्वारा निरस्त कर दिया गया। श्रीमती दुर्गेश नंदनी राजावत की मृत्यु दिनांक 03.11.2018 को हो जाने के कारण वसीयतधारक श्री प्रभु कुमार वाधवानी पुत्र श्री चिमन दास वाधवानी द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त पंजीकरण का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री प्रभु कुमार वाधवानी पुत्र श्री चिमन दास वाधवानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत्त प्रथम, जयपुर


# रुंध गिदावडा में अस्थाई चौकी स्थापित

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। किशनगढ़ बास पुलिस ने गौकशी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बिरसगपुर रूंध गिदावडा में आर.ए.सी. की अस्थाई चौकी स्थापित की है। थाना अधिकारी राजीव डूडी ने बताया कि, दो हेड कांस्टेबल व आठ कांस्टेबल की अस्थाई चौकी स्थापित की गई है। चौकी के एक हेड कांस्टेबल चार कांस्टेबल 12 -12 घंटे की पैदल गस्त करेंगे।

शुक्रवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किशनगढ़ बास में तोप सर्किल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व विधायक रामहेत यादव का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं पर गौतस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा की सरकार आने के बाद क्षेत्र में गौकशी की घटनाएं होने लगी हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने गौकशी मामले में कांग्रेस विधायक दीपचंद खैरीया का पुतला फूंका था।

■ **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व पूर्व विधायक का पुतला जलाया**

गौकशी के सनसनी खेज खुलासे होने के बाद मामले में पूरे पुलिस थाने को लाइन हाजिर व 4 पुलिसकर्मी व अधिकारियों को सस्पेंड किया जाना व सरकारी संपत्ति के प्रति लापरवाही बरतने पर विद्युत अभियंता सहित राजस्व सर्किल पटवारी कानूगो का एपीओ होना व तहसीलदार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब गोकशी के आरोप में अभी तक 13 आरोपियों का पकड़ा जाना यह साबित करता है कि यहां वर्षों से गाय काटने के साथ सरकारी भूमि पर कब्जा करने कार्य बेखौफ हो रहा था। मंत्री संजय शर्मा को बीहड़ों के नालों में बंधी हुई कुछ गाय मिली तो उन्हें खुलवाया और चरने के लिए गायों को छोड़ा तो कुछ नहीं खाया और ना ही पानी पिया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है की गायों को अत्याचारियों ने कितनी तकलीफ दी होगी।

## कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया

**दौसा,** (निसं)। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोल, ग्राम पंचायत छारेडा में मनरेगा कार्यों व फार्म पॉन्ड एवं पपलाज माता लव कुश वाटिका का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने सामुदायकि स्वास्थ्य केंद्र गोल में मरीजों को मिल रही चिकित्सीय सुविधा का निरिक्षण किया। जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की, साथ ही इलाज में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान कर समुचित चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश डॉक्टरों को दिये। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने ग्राम पंचायत छारेड़ा में मनरेगा कार्य एवं फार्म पॉन्ड का निरीक्षण किया।

## कार्यभार ग्रहण के मात्र तीन दिन में हुआ स्थानान्तरण

**कोटपूतली,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा नवगठित जिले कोटपूतली-बहरोड़ के पुलिस कप्तान पद पर महज तीन दिनों में ही बदलाव कर दिया गया है।

■ **निवर्तमान एस.पी. ज्येष्ठा मैत्रयी ने 21 फरवरी को कार्यभार ग्रहण किया था**

आपको बता दें कि विगत 16 फरवरी को ही राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ जिले की प्रथम एसपी रंजीता शर्मा का दौसा स्थानान्तरण कर सिरोही से ज्येष्ठा मैत्रयी को कोटपूतली-बहरोड़ एसपी लगाया था। वहीं दौसा एसपी के रूप में कार्यरत वंदिता राणा का सिरोही स्थानान्तरण किया गया था। जिसके बाद द्वितीय पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रयी ने विगत 21 फरवरी को ही कार्यभार ग्रहण किया था। लेकिन कार्यभार ग्रहण करने के तीसरे दिन ही उनका स्थानान्तरण कर शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ से भिवाड़ी एसपी लगाते हुए खैरथल-तिजारा जिले का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। जबकि भिवाड़ी एसपी अनिल कुमार को सिरोही लगाया गया है। इस प्रकार कोटपूतली-बहरोड़ जिले की तीसरी एसपी वंदिता राणा भी महिला ही हैं।

मूल रूप से यूपी के गाजियाबाद की रहने वाली वंदिता राणा (37) झारखण्ड कैडर की वर्ष 2017 बैच की आईपीएस हैं। दौसा के जिला गठन के बाद 32 वर्षों में वे पुलिस अधीक्षक का पद ग्रहण करने वाली पहली महिला एसपी थी।


**कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज०)**
प्रशासनिक भवन, राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा (राज०)
ई-मेल :- nnkota@gmail.com, website :- www.kotamc.org, Pincode :-324009
क्रमांकः- ननिको(उ.)/प्रभारी ई-गवर्नेस/2023-24/16188-97 दिनांक :-15.02.2024
**NOTICE INVITING BID (NIB)**
Bids for E-GOVERANCE (Name(s) of subject matter(s) od Procurement) are invited from interested bidders upto 15.02.2024 PM (time) 04.03.2024 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajastham.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and WWW.KOTAMC.ORG Departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 72 LACKS UBN DLB2324WSRC32169
अति. आयुक्त
राज.संवाद/सी/23/13532 नगर निगम कोटा उत्तर



**तीये की बैठक**

अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी
श्रीमती सुनीता शर्मा (शालिनी)
पति श्रीकांत शर्मा, का स्वर्गवास दिनांक 22.02.24 को हो गया है। तीये की बैठक 24.02.24 को सायं 5 से 6 बजे सामुदायिक केंद्र, श्याम नगर, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुल-** लक्ष्मी देवी (सास), यतेंद्र शर्मा, अशोक पांडे, डॉ अरविंद शर्मा, विजय पांडे (ससुर), डॉ नलिनाक्ष - इन्दिरा शर्मा (जेठ - जेठानी), राधेकांत - ईनेस शर्मा (देवर - देवरानी), श्याम पाण्डे (देवर), राजश्री शर्मा (ननद), गीता - आनंद पुरोहित (ननद - ननदोई), दिव्यांशा शर्मा, आयुष्मा शर्मा (पुत्री), राधिका शर्मा (भतीजी), नवीन शर्मा, देव शर्मा (भतीजे), अमित, हिमांशु, आयुष (भांजे) एवं समस्त शर्मा परिवार।
9549904348, 8209880724


## जच्चा-बच्चा वार्ड में भीड़ देख एस.डी.एम. हुए नाराज

**गोविंदगढ़,** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को उपखंड अधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर, लेबर वार्ड, लैबोरेट्री, एक्स-रे मशीन आदि कक्ष का जायजा लिया। लेबर जच्चा बच्चा के वार्ड में अनावश्यक रूप से पुरुष और महिलाओं की भीड़ होने पर उपखंड अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। खुद ने ही अनावश्यक रूप से बैठे पुरुष और महिला परिजनों को वार्ड से बाहर निकाला। उसके बाद उन्होंने जच्चा को अनावश्यक रूप से पुरुष महिलाओं के अंदर आने पर होने वाले इन्फेक्शन को लेकर जानकारी भी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पर्ची केंद्र पर अधिक भीड़ होने के कारण दवा वितरण में आ रही समस्या को लेकर भी उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मंटु राम चौधरी को पर्ची केंद्र को शिफ्ट करने को लेकर निर्देश भी दिए उपखंड अधिकारी ने कहा कि पर्ची केंद्र पर भीड़ होने के चलते ना तो ठीक से दवा वितरण हो पता है। उपखंड अधिकारी के ने लगभग 10 वर्षों से बंद पड़े ऑपरेशन थिएटर, दबाओ का स्टॉक रूम, बंद पड़ी दांत मशीन आदि का उपखंड अधिकारी के द्वारा निरीक्षण नहीं किया।

# पटवारी का बास गांव का लाडला शहीद, ढ़ाई साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। इलाके के पटवारी का बास निवासी जवान कमल किशोर बिजारणियां मातृभूमि की रक्षा करते हुए गुरुवार रात को शहीद हो गए थे, जिसका गमगीन माहौल में पैतृक गांव पटवारी का बास की नीमवाली ढ़ाणी में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद जवान कमल किशोर अपनी टीम के साथ मिशन पर था इसी दौरान वे शहीद हो गये। जैसे ही जवान के शहीद होने का समाचार ग्रामीणों का लगा तो शोक की लहर छा गई। जवान कमल किशोर 2016 में सेना में भर्ती हुआ था और 2017 से आर्मी में 123 टीए ग्रेनेडीर बटालियन इको कंपनी में श्रीनगर नगर तैनात था। शहीद कमल किशोर को ढ़ाई वर्षीय पुत्र नक्षित चौधरी ने मुखाग्नि दी। सेना के जवानों ने शहीद कमल किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी। सेना के अधिकारियों ने शहीद के ढ़ाई वर्षीय पुत्र नक्षित चौधरी तथा पिता मांगीलाल को कमल किशोर की निशानी के रूप में तिरंगा तथा उसकी वर्दी हाथों में थमाई। जवान कमल किशोर का पार्थिव देह बीती रात्रि में बाई प्लेन जयपुर पहुंचा। जहां से जवान की पार्थिव देह को सेना के ट्रक में सड़क मार्ग से श्रीमाधोपुर लाया गया। श्रीमाधोपुर के बाईपास स्थित हावड़ा मोड़ पर जवान का पार्थिव पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने जवान कमल किशोर अमर रहे, भारत माता की जय के गगनचुमि नारे लगाए। जहां से सेना के ट्रक को फूलों से सजाया कर और तिरंगे में लिपटी जवान की पार्थिव देह को तिरंगा बाइक रैली के साथ पैतृक गांव पटवारी का बास के लिए रवाना हुए। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण और स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए जब तक सूरज चांद रहेगा कमल किशोर का नाम रहेगा और भारत माता के जयकारे के गगनचुंबी नारे लगाए गए। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह ही जवान कमल किशोर ने अपनी पत्नी कविता उर्फ मंजू से वीडियो के जरिए बात की थी इस दौरान वह दही व पराठे खा रहा था। जवान अपनी पत्नी को एक मार्च को छुट्टी पर घर आने की बात भी कही थी। क्योंकि उसकी बहन के यहां 5 मार्च को भात का कार्यक्रम था उसमें वह शामिल होने वाला था।

■ **सेना के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**



**जवानों ने पिता व ढाई साल के पुत्र के हाथ में तिरंगा व वर्दी थमायी।**


**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, सामू. स्वा0 केन्द्र गहनकर (तिजारा) खैरतल - तिजारा**

क्रमांक- 28 **खुली निविदा सूचना** दिनांक : 22.2.2024

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी सामू. स्वा0 केन्द्र गहनकर (तिजारा) खैरतल- तिजारा द्वारा निम्न सेवाये उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मशीन विद मैन (संविदा) कंप्यूटर ओपरेटर (1) | 160000/- | 29.2.2024 12.00 P.M. | 29.2.2024 1.00 P.M. | 29.2.2024 2.00 P.M. |
| 2. | साफ सफाही मयय सामग्री (1) | 130000/- | 29.2.2024 12.00 P.M. | 29.2.2024 1.00 P.M. | 29.2.2024 2.00 P.M. |

नियम एवं शर्ते -
1. निविदाएें दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। दुसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा, जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वितीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएें दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 29.02.2024 को दोपहर 2.00 P.M. निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा ।

सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफसोसायटी, सामू. स्वा. केन्द्र गहनकर (तिजारा)


राजस्थान सरकार
डबल इंजन सरकार का संकल्प
मोदी की गारंटी हो रही साकार
"मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन से पशुपालकों को घर बैठे मिलेगी पशु चिकित्सा सेवाएं। स्वस्थ पशुधन एवं समृद्ध राजस्थान के लिए हम संकल्पबद्ध हैं।"
भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री राजस्थान
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
स्वस्थ पशुधन सम्पदा की ओर बढ़ते कदम
हेल्पलाइन 1962
मोबाइल पशु चिकित्सालय
Mobile Veterinary Clinic
मोबाइल वेटेरिनरी इकाइयों का लोकार्पण
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
के कर कमलों द्वारा
अध्यक्षता
श्री जोराराम कुमावत
मंत्री, पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान विभाग
विशिष्ट अतिथि
श्री जवाहर सिंह बेढम
राज्य मंत्री,पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग
24 फरवरी, 2024 | प्रातः 10.00 बजे
स्थानः हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओटीएस), जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
राजस्थान संवाद
खुशहाल पशुपालक समृद्ध राजस्थान
आपणो अग्रणी राजस्थान
पशुपालन विभाग, राजस्थान

# खेल जगत



यहां आपको ये इंडिया कैप मिलने वाला है, बहुत खुशी की बात है कि आज के दिन आपकी मम्मी यहां पर हैं, आपके परिवार के कुछ लोग यहां मौजूद हैं। दुख की बात ये है कि, आपके पिता और बड़े भाई नहीं रहे। लेकिन वो जहां भी हैं, ऊपर से आपको आशीर्वाद दे रहे हैं। – राहुल द्रविड़

**टीम इंडिया के हेड कोच, आकाश दीप को डेब्यू टेस्ट कैप थमाते के बाद बोलते हुए।**

## आज का खिलाड़ी ▶ आकाश दीप



**आकाश दीप** ने अपने पहले ही टेस्ट मैच में इनफॉर्म इंग्लिश बैटर बेन डकेट, ओली पोप और जैक क्राउली के विकेट चटकाए। आकाश दीप ने अभी तक अपनी लाइन और लेंथ से काफी ज्यादा प्रभावित किया है और काफी मेहनत के बाद यहां तक पहुंचे हैं। आकाश की जर्नी एक छोटे से गांव बड्डी से शुरू हुई है । यहां से 200 किमी दूर से शुरू हुई। इस जर्नी में आपने बहुत कष्ट सहन किए हैं, बहुत मेहनत की है, बहुत ऊपर-नीचे देखा है। इंग्लैंड के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टेस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# आर. अश्विन का बड़ा कारनामा, इंग्लैंड के खिलाफ लगाया विकेटों का शतक

नई दिल्ली, 23 फरवरी। रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही है। इसके साथ ही भारतीय स्टार स्पिनर आर अश्विन ने बड़ा कारनामा अपने नाम किया है। दरअसल, अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट झटकने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही है। इसके साथ ही भारतीय स्टार स्पिनर आर अश्विन ने बड़ा कारनामा अपने नाम किया है। दरअसल, अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट झटकने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।



रांची में चल रहे मुकाबले में अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू आउट कर ये उपलब्धि अपने नाम की है। बेयरस्टो उस समय 38 रन बनाकर खेल रहे थे। इस विकेट के साथ इंग्लैंड को पहले सत्र में ही चौथा झटका लगा। इसी के साथ अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 मैचों की 42 पारियों में 100 विकेट पूरे किए हैं। इस दौरान उनका औसत 29.16 और इकोनॉमी 2.90 का रहा है। रवि अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट तो पूरे किए ही हैं। साथ ही वह इस टीम के खिलाफ 1085 रन भी बना चुके हैं। एक ही टीम के खिलाफ ऐसा करने वाले वह दुनिया के सातवें खिलाड़ी बन गए हैं।

## आईपीएल के पहले चरण में पंत नहीं करेंगे विकेटकीपिंग : जिंदल

नई दिल्ली, 23 फरवरी। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। दिल्ली की फ्रैंचाइजी के सह मालिक पार्थ जिंदल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि पंत आईपीएल के पहले चरण में सिर्फ कप्तान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज अनरिख नॉर्खिए दिल्ली के पहले मैच तक फिट हो जाएंगे। दिल्ली को अपना पहला मैच 23 मार्च को पंजाब किंग्स के साथ खेलना है। जिंदल ने कहा कि टीम के डायरेक्टर सौरव गांगुली और कोच रिकी पोंटिंग का थिंक टैंक पंत की वापसी को लेकर आश्वस्त है। हालांकि अभी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से अनुमति मिलनी शेष है। जिंदल ने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं, उन्होंने रन दौड़ना भी शुरु कर दिया है। वह आईपीएल के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे।



# इंडिया वर्सेज इंग्लैंड 4 : जो रूट ने ठोका अपना 31वां टेस्ट शतक

### स्टीव स्मिथ का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, 23 फरवरी। जो रूट को पुराने अंदाज में देखने का मौका मिला है। रांची में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने अपना 31वां टेस्ट शतक जड़ा। अपनी खराब बल्लेबाजी और बैजबॉल स्टाइल के कारण लगातार आलोचकों का शिकार हो रहे रूट ने अपने शतक से सबका मुंह बंद कर दिया है। लंबे समय बाद जो रूट को पुराने अंदाज में देखने का मौका मिला है। रांची में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने अपना 31वां टेस्ट शतक जड़ा। अपनी खराब बल्लेबाजी और बैजबॉल स्टाइल के कारण लगातार आलोचकों का शिकार हो रहे रूट ने अपने शतक से सबका मुंह बंद कर दिया है। इस शतक के साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टीव स्मिथ के बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

रांची टेस्ट के पहले दिन रूट का शतक अहम समय पर आया है। दरअसल, इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले सेशन तक टीम ने अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। जिसके बाद रूट ने बेन फॉक्स के साथ मिलकर टीम को मुश्किल समय से उबारने का काम किया है। रूट और फॉक्स ने 113 रनों की अहम साझेदारी निभाई। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कैरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने जबर्दस्त संयम का परिचय देते हुए अपनी पारी में नौ चौके लगाये।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 72 रन से दी मात




### कंगारूओं ने 2-0 से सील की सीरीज

नई दिल्ली, 23 फरवरी। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। दुनिया की दूसरी रैंकिंग पर काबिज न्यूजीलैंड पर श्रृंखला जीतने से आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी 20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे। एडम जम्पा के चार विकेट से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। दुनिया की दूसरी रैंकिंग पर काबिज न्यूजीलैंड पर श्रृंखला जीतने से आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे।

## राहुल द्रविड़ ने आकाश दीप को डेब्यू कैप थमाई

नई दिल्ली, 23 फरवरी। हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आकाश दीप को डेब्यू टेस्ट कैप थमाते हुए कहा कि, आकाश जो आपकी जर्नी शुरू हुई है वो एक छोटे से गांव बड्डी से शुरू हुई। यहां से 200 किमी दूर से शुरू हुई। इस जर्नी में आपने बहुत कष्ट सहन किए हैं, बहुत मेहनत की है, बहुत ऊपर-नीचे देखा है। इंग्लैंड के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला। इस दौरान टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आकाश दीप को डेब्यू टेस्ट कैप थमाई। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में आकाश दीप को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। आकाश दीप ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में पहले दिन लंच ब्रेक से पहले तक तीन विकेट अपने नाम किए। आकाश दीप के डेब्यू के समय राहुल द्रविड़ ने जो स्पीच दी, वह काफी वायरल हो रही है। बीसीसीआई ने इस दौरान का वीडियो अपने अधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की है। टीम इंडिया के हेड कोच ने आकाश दीप को डेब्यू टेस्ट कैप थमाते हुए कहा कि, आकाश जो आपकी जर्नी शुरू हुई है वो एक छोटे से गांव बड्डी से शुरू हुई। यहां से 200 किमी दूर से शुरू हुई। इस जर्नी में आपने बहुत कष्ट सहन किए हैं, बहुत मेहनत की है, बहुत ऊपर-नीचे देखा है।

# महिला प्रीमियर लीग ओपनिंग सेरेमनी, बॉलीवुड सुपरस्टार लगाएंगे एंटरटेनमेंट का तड़का

नई दिल्ली, 23 फरवरी। पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला शाम 7.30 बजे से शुरू होगा, लेकिन उससे पहले 6.30 बजे इस टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा। जिसमें शाहरुख खान से लेकर टाइगर श्रॉफ तक एंटरटेनमेंट का तड़का लागएंगे।

महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन आज यानी 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला शाम 7.30 बजे से शुरू होगा, लेकिन उससे पहले 6.30 बजे इस टूर्नामेंट की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा।



## ईशान किशन और श्रेयस अय्यर पर गिरेगी गाज, रणजी ट्रॉफी ना खेलने के कारण ले सकता है एक्शन




नई दिल्ली, 23 फरवरी। श्रेयस अय्यर और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के खिलाफ बीसीसीआई एक बड़ी कार्रवाई कर सकती है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को रणजी ट्रॉफी छोड़ने की सजा मिल सकती है। दोनों को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर रखा जा सकता है। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के खिलाफ बीसीसीआई एक बड़ी कार्रवाई कर सकती है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को रणजी ट्रॉफी छोड़ने की सजा मिल सकती है।

राजधानी

## आमजन अवश्य देखें विधानसभा म्यूजियम : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधानसभा का राजनैतिक आख्यान संग्रहालय राज्य के समृद्ध इतिहास का ज्ञान कराता है उन्होंने प्रदेशवासियों का आव्हान किया है कि वे इस संग्रहालय को अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में स्वतन्त्रता आन्दोलन में राज्य की भूमिका, आधुनिक राजस्थान के निर्माण और राज्य के राजनैतिक परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया है।

वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में राजनैतिक आंख्यान संग्रहालय के संबंध में एक बैठक बुलाई। उन्होंने संग्रहालय में आने वाले दर्शकों और संग्रहालय से संबंधित विभिन्न जानकारिया ली।


**तीये की बैठक**



हमारी पूजनीय माता जी **श्रीमती कानी देवी** धर्म पत्नी स्व.श्री हनुमान सहाय डागर का स्वर्गवास गुरुवार 22-02-2024 को हो गया है तीये की बैठक शनिवार 24/02/2024 को हमारे निवास स्थान ग्राम बगरू खुर्द डागरो की ढाणी अजमेर रोड जयपुर पर 12 से 3 बजे तक होगी।

**शोकाकुलः** रामू, खेतमल, लादुराम घासीराम (जेठ), केशवराम, गणेश, रामचन्द्र लालाराम, लल्लूराम, नानुराम, बनवारी,रामेश्वर, नानुराम (देवर), रामलाल, रुपनारायण, भेरूराम, श्रवण, कमल मुकेश (पुत्र), अनिल, प्रियाशु आरख (पोत्र) एवं समत डागर परिवार

773773 8080, 7615857770



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# एस.एम.एस.अस्पताल में गलत 'ब्लड' चढ़ाने से मरीज की मौत

## तीन डॉक्टर ए.पी.ओ. और एक नर्सिंग ऑफिसर निलंबित

■ मामले में विप्र महासभा ने हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन कर दोषी स्टाफ को बर्खास्त करने की मांग की।

**जयपुर।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) में गलत ग्रुप का ब्लड चढ़ाने से बांदीकुई निवासी 23 साल के सचिन शर्मा की शुक्रवार को मौत हो गई। ट्रॉमा वार्ड में 12 फरवरी को सचिन को रोड एक्सीडेंट के बाद भर्ती कराया गया था। यहां मरीज को ओ पॉजिटिव की जगह एबी पॉजिटिव ब्लड और प्लाज्मा चढ़ा दिया था। जिससे दोनों किडनी खराब हो गई थी। वहीं, मामले में राज्य सरकार ने दोषी पाये गये एक नर्सिंग ऑफिसर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि तीन चिकित्सकों को एपीओ किया है। वहीं मामले में विप्र महासभा ने एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन किया और दोषी स्टाफ को बर्खास्त करने की मांग की।

इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा शुभ्रा सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रकरण में प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडिकल कॉलेज, जयपुर द्वारा गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में अस्थि रोग विभाग के सह आचार्य डॉ. एस.के. गोयल, इन सर्विस रेजीडेन्ट डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना तथा नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा को दोषी पाया है।

डॉ. एस.के. गोयल, डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना को तत्काल प्रभाव से पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया है। डॉ. गोयल का मुख्यालय निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा तथा डॉ. दौलतराम एवं डॉ. रिषभ चलाना का मुख्यालय निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर रखा गया है। इसके अलावा पोलीट्रोमा वार्ड के नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय निदेशक अराजपत्रित, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि मामला सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने जांच के लिए तत्काल प्रभाव से कमेटी गठित करने के निर्देश दिये थे। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मरीज सचिन शर्मा का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव था और उसने एबी पॉजिटिव ग्रुप की 1 यूनिट पीआरबीसी और 1 यूनिट एफएफपी भी प्राप्त की। रिपोर्ट के अनुसार ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए सैम्पल नर्सिंग ऑफिसर अशोक कुमार वर्मा द्वारा लिया गया। रेजीडेन्ट डॉ. रिषभ चलाना ने मरीज की बीएचटी पर कोई नोट्स नहीं लिखे।

साथ ही ऑन कॉल सह आचार्य डॉ. एस.के. गोयल ने सर्जरी से पहले ब्लड ट्रांसफ्यूजन पैरामीटर्स पर ध्यान नहीं दिया। डॉ. दौलतराम जो 15 फरवरी की रात को ट्रोमा ब्लड बैंक में ड्यटी पर थे, उन्होंने गलत ब्लड ग्रुप के बारे में उच्च अधिकारियों को जानकारी नही दी।

## पी.एम. मोदी पर जातिगत टिप्पणी को लेकर पुलिस से रिपोर्ट तलब

**जयपुर, (का.सं.)।** महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11, महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद पर शास्त्री नगर थाना पुलिस से 26 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। अधिवक्ता विजय कलंदर ने यह परिवाद पेश किया है।

परिवाद में कहा गया की उसने गत 9 फरवरी को अखबार में पढ़ा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंची है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है और वे पिछडों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। परिवाद में कहा गया कि भाजपा ने जब राहुल गांधी के इस बयान को झूठा बताया तो उन्होंने कहा कि मेरे सच पर मुहर लगाने के लिए धन्यवाद।

## पैलेस ऑन व्हील पर भी अब होगी डेस्टिनेशन वैडिंस : दिया कुमारी

**जयपुर।** प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से नवाचार किए जा रहें हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग में प्रदेश को सिरमौर बनाने के लिए अब राजस्थान पर्यटन विकास निगम ( आरटीडीसी) ने भी कदम बढ़ाए हैं। जिसके परिणाम स्वरुप जल्द ही दुनिया की सबसे सुन्दर और लग्जरी ट्रेन में शुमार पैलेस ऑन व्हील्स को अब डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। यही नहीं वैवाहिक गठबंधन में बंधने वाले जोड़े पैलेस ऑन व्हील्स में प्री और पोस्ट वेडिंग शूट भी करवा सकेंगे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के अनुसार पैलेस ऑन व्हील्स को डेस्टिशन वेडिंग के लिए उपलब्ध करवाना एक बड़ा निर्णय है। इससे न सिर्फ राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। वहीं राजस्थानी कला व संस्कृति के साथ वैदिक वैवाहिक रीति-रिवाजों के प्रति विदेशी सैलानियों में आकर्षण बढ़ेगा।

दिया कुमारी ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स दुनिया की सबसे खूबसूरत और लग्जरी ट्रेनों में से एक है। पैलेस ऑन व्हील्स में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले जोड़े अपनी जिन्दगी के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों को न सिर्फ यादगार बना सकेंगे वरन वे राजस्थान और भारत के लिए पर्यटक राजदूत की भूमिका भी निभा सकेंगे।

# 'न्याय ना केवल होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए'

## हाईकोर्ट में 'ओपन कोर्ट हियरिंग्स के सार्वजनिक प्रसारण को अनुमति देने के संबंध में जनहित याचिका दायर

■ याचिकाकर्ता हर्षित दूदावत जयपुर के निवासी हैं और जयपुर नैशनल यूनिवर्सिटी में लॉ के फाईनल इयर के छात्र हैं।

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में "ओपन कोर्ट" (खुली अदालत) में सुनवाइयों को आम लोगों और मीडिया के लिए प्रसारित करने के संबंध में जनहित याचिका दायर की गई है। इस मामले में याचिकाकर्ता हर्षित दूदावत है, जो जयपुर के ही निवासी है और जयपुर नैशनल यूनिर्वसिटी में बी.ए.एल.एल.बी. (ऑनर्स) प्रोग्राम के "फाइनल इयर" के छात्र हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता साक्षी श्रीवास्तव ने याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अदालतों में चल रही सुनवाई का प्रसारण हर उस व्यक्ति को उपलब्ध होना चाहिए जो अदालतों में चल रहे मामलों की स्पष्ट और अचूक जानकारी का मूल्यांकन करना चाहता है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि "ओपन कोर्ट" (यानि खुला न्यायालय) का अर्थ केवल यह नहीं होता कि आम जन को उस अदालत में भौतिक रूप से उपस्थित रहने की अनुमति हो, बल्कि इसका अर्थ यह है कि सुनवाई और उसमें होने वाली जिरह की जानकारी सभी आमजन को उपलब्ध हो और इसके लिए "विज़ुअल एक्सिस" यानि डिजिटल प्रसारण की सुविधा भी अदालतों में उपलब्ध होनी चाहिए। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने 2018 के एक फैसले के जरिए सार्वजनिक-प्रसारण की सुविधा को सैद्धांतिक रूप से अनुमति दी थी। याचिका में कहा गया है कि दुनिया भर में कई सर्वोच्च न्यायालयों ने सुनवाई की रिकॉर्डिंग जनहित में प्रसारित करने के सिद्धांत को सही बताया है और इस प्रथा को पूरी तरह अपनाया है। याचिका में बताया गया है कि कई प्रदेशों के उच्च न्यायालय जैसे गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक और पटना में जन प्रसारण को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी जाती है।

इन तथ्यों को सामने रखते हुए याचिकाकर्ता ने गुहार की है कि राजस्थान हाईकोर्ट में सभी "ओपन कोर्ट हीयरिंगज" की जन प्रसारण की सुविधा प्रदान करने के आदेश पारित किए जाने चाहिए। याचिकाकर्ता ने यह भी गुहार की है कि मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायाधीशों को सुनवाईयों के जन प्रसारण के संबंध में नियम कायदों का गठन कर पारित भी करना चाहिए।


**NAME CHANGE**

I have Change my name From Hanuman Singh to Hanuman Singh Tanwar S/o Sri Ram Kumar Singh For all Future Purpose. Add: P.No. 117, Sravan Vihar, Near Royal City Manchwa, Kalwar Road, Jaipur

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा सूचना 2024**

**कार्य का नामः** हाइड्रोलिकटेस्टिंग, इंस्पेक्शन एण्ड सर्टिफिकेशन ऑफ बीटीपीजीएलआर/बीटीपीजीएलएन, एलपीजीटैकवैगन एस पर दी प्रोसिजर मेन्शन्ड इन आरडीएसओ लखलऊ मेन्टेनेन्स मैन्युअल जी-65 एवं जी-86 बीइ सीसी ओ इ अपरूब्डुर्मस् (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार), **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 10,11,115.00, **ई-निविदा जारीकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (लोको), डीजल लोको एवं वैगन कारखाना, लालफाटक के पास, अजमेर (राज.)-305001, **बयाना राशि जो कि जमा करानी हैः** रु. 20,300/- (केवल IREPS पोर्टल पर नेट बैंकिंग अथवा पेमेन्टगेटवे के माध्यम द्वारा), **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांकः** 18.03.2024 को 11.00 बजे तक, ई-निविदा उसी दिन 11.15 पर खोली जायेगी। अपरिहार्य कारणों के चलते निविदा खोले जाने के शेड्यूल में परिवर्तन किया जा सकता है, **वैबसाईट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी व इसमें भाग लिया जा सके:** www.ireps.gov.in. 241-PR/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
**क्रमांकः17069 जाहिर आम-सूचना दिनांकः23.02.2024**

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय विकसित भूखण्ड संख्या 94/21 (क्षेत्रफल 201.15 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री पुरा पुत्र श्री किशना को किया जाकर आवंटन पत्र 115 दिनांक 02.02.1993 के द्वारा जारी किया गया था। श्री पुरा द्वारा उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड को श्री भंवर लाल उपाध्याय पुत्र श्री रामेश्वरलाल उपाध्याय को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 15.07.1996 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री भंवर लाल उपाध्याय की मृत्यु दिनांक 08.04.2001 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती कमला देवी उपाध्याय पत्नी स्व. श्री भंवर लाल उपाध्याय द्वारा उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड का बख्शीशनामा श्रीमती मोहिनी शर्मा पुत्री स्व. श्री घीसाराम शर्मा पत्नी श्री सतीश कुमार शर्मा के पक्ष में दिनांक 28.10.2004 द्वारा उक्त पंजीयन सांगानेर, से पंजीकृत करवाया गया । तत्पश्चात बख्शीशनामा धारका श्रीमती मोहिनी शर्मा द्वारा दिनांक 10.04.2007 के अनुसार उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड का वसीयतनामा श्री कमल कान्त गांधी पुत्र श्री मदनलाल गांधी को सुपुर्द किया गया। वसीयनामा धारक श्री कमल कान्त गांधी द्वारा उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड का विक्रय श्रीमती सुमन गांधी पत्नी श्री कमल कान्त गांधी के पक्ष में दिनांक 06.04.2010 को उप पंजीयन सांगानेर, प्रथम के द्वारा पंजीकृत विक्रय किया गया। श्रीमती सुमन गांधी द्वारा उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड को 1 श्री हितेश विजयवर्गीय पुत्र श्री राम रख पाल विजयवर्गीय एवं 2. श्रीमती नवीता विजय पत्नी श्री हितेश विजयवर्गीय को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 10.03.2011 को सब रजिस्ट्रार, जयपुर-पंचम में पंजीकृत करवाया गया। 1 श्री हितेश विजयवर्गीय एवं 2. श्रीमती नवीता विजय द्वारा उक्त आवासीय विकसित भूखण्ड को श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री प्रभूलाल गुप्ता एवं श्री सुरेश चन्द बंसल पुत्र श्री कैलाश चन्द बंसल को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 23.06.2023 को उप पंजीयक-अष्टम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री प्रभूलाल गुप्ता एवं श्री सुरेश चन्द बंसल पुत्र श्री कैलाश चन्द बंसल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।**भवदीय,**
**सम्पदा प्रबन्धक, राज. आव. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर**

**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या-2 हिण्डौन सिटी**

नोटिस हर खास व आम राजेन्द्र विरुद्ध हरखास आम आदि

प्रार्थनापत्र बाबत प्रोबेट जारी करने

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बाबूलाल उम्र 64 साल जाति महाजन निवासी एफ-20 मोहन नगर स्टेशन रोड हिण्डौनसिटी जिला करौली ने स्वयं के हक में बाबूलालजी की वसीयत हेतु प्रोबेट प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आवेदन किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक-21.3.24 को समय 10-30 AM बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 22.02.2024 को जारी किया गया।

(मुहर) **आज्ञा से रीडर**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-1 हिण्डौन सिटी**

**खोया पाया**

मेरा प्लॉट नम्बर बी-06, केशव विहार, पटेल नगर गृह निर्माण सहकारी समिति का मूल साईट प्लॉन कहीं गुम हो गया है जिसकी FIR LR NO. 2089250/2024 दिनांक 23.02.2024 को दर्ज है। मिलने पर सूचित करें-सुनीता अग्रवाल-9829059909

मेरे फ्लैट सं. 418 रामा हैरिटेज, प्लाट नं. ए-8, सेन्ट्रल स्पाइन विद्याधर नगर, जयपुर के मूल विक्रय पत्र दिनांक 18.12.2005 विद्याधर नगर में दिनांक 15.02.2024 को गिर गये है। मिलने पर सूचित करें। अनु सिंह-7340168557

कृष्णापूरी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना स्कीम नं. 5 पाबूजी मार्ग सहकार पथ लाल कोटी जयपुर के प्लाट नं. 6 का सोसायटी साईट प्लान खो गया है सूचित करें दिनेश शर्मा मो.-9166619666

मेरे मकान 6-च-4 जवाहर नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डीक्लेशन, अदैय प्रमाण पत्र जवाहर नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- राजेन्द्र जैन-7877191847

निजी खातेदारी की आवासीय योजना रतन सागर, ग्राम सिस्यावास तहसील सांगानेर जयपुर के भूखण्ड संख्या 76, का निजी खातेदार द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद व N.O.C. कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। - डॉ.पूनम भोजवानी एवं श्रीमती गीता गुप्ता- मोबाईल नम्बर 9829092079

# न्यूज़लॉन्ड्री व द न्यूज़ मिनिट के रिपोर्टरों की चौंकाने वाली खोजी पत्रकारिता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इन रिपोर्ट्स की प्रकाशित खबर के अनुसार, मोदी सरकार ने ई.डी., सी.बी.आई. व आयकर विभाग की रेड कराकर तीस बड़ी-बड़ी कम्पनियों से 335 करोड़ रूपये वसूले।
- रिपोटर्स ने रेड के समय व कम्पनियों द्वारा भाजपा को दिये गये डोनेशन की सूची व समय का मिलान करके यह निष्कर्ष निकाला है।
- राहुल गांधी व कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने ट्विटर पर न्यूज़लॉन्ड्री व द न्यूज़ मिनिट के पत्रकार टीम के निष्कर्ष के आधार, बहुत कटाक्ष पूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रतिक्रिया में कम्पनियों के नाम, उनके डोनेशन की राशि व रेड का पूरा विवरण भी लिखा है।

नई दिल्ली, 23 फरवरी। प्रधानमंत्री का यह दावा, कि, उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा झूठा साबित हुआ है, भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के धन से भरे अपने खजाने को छिपाती रही है क्योंकि केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तन निदेशालय, सी.बी.आई. एवं आयकर विभाग जैसी केन्द्रीय एजेन्सियों को खुली छूट देने के बाद से बड़ी कम्पनियों ने भाजपा को करोड़ों रुपये का चंदा देना शुरु कर दिया है।

न्यूज़लॉन्ड्री व द न्यूज़ मिनट (टी.एन.एम.) के रिपोर्टरों का एक दल ने कॉर्पोरेट कम्पनियों की एक सूची तैयार की है, जैसा कि इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया है इसमें से यह खोजा गया है कि, ऐसी कम से कम 30 कंपनियां हैं जिन पर राजनीतिक दल को चंदा दान देने से पूर्व केन्द्र सरकार की एजेन्सियों ने रेड की थी। कुछ ऐसे मामले भी हैं जिनमें यदि किसी कंपनी ने एक वर्ष तक अगर चंदा नहीं दिया है तो उन कम्पनियों पर छापे मारे गए थे। कुछ अन्य प्रकार के मामले भी है, जिनमें राजनीतिक दल को चंदा देने के बावजूद भी छापे मारे गए ताकि अगले वर्ष वे पार्टी को अपने चन्दे की रकम बढ़ाकर दान दें।

उनकी रिपोर्टों से केन्द्रीय जांच एजेन्सियों के द्वारा छापा मारने का एक चौकाने वाला पैटर्न का पता चलता है और कंपनियों ने इसके चलते भारी राशि बतौर चंदा दी।

तमिलनाडु की एक कम्पनी जो एक विवादस्पद व्यवसायी की है, ने रेड के बाद भाजपा को न्यूनतम 63 करोड़ रु. दिए हैं। मुम्बई की एक कम्पनी जिसकी स्थापना जाने माने समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी ने स्थापित की थी, पर भी रेड की गई थी। कंपनी ने रेड के एक माह बाद ही भाजपा को 9 करोड़ रूपए दिये थे।

मुम्बई की एक इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी से एक आर.टी.आई. कार्यकर्ता की हत्या के संबंध में पूछताछ की गई थी। सी.बी.आई. ने 2014-15 में उस पर रेड की थी। उक्त कंपनी ने उसी वर्ष भाजपा को 14 करोड़ रूपए का चंदा दिया था। वर्ष 2014 से 2023 तक इस कंपनी ने भाजपा को अब तक 84 करोड़ रूपए का चंदा दिया है। हैदराबाद की एक हॉस्पीटल पेन पर दिसंबर 2020 में रेड की गई तो उसने भी भाजपा को 10 करोड़ रूपए दिए।

बंगलौर की फार्मा कंपनी ने भाजपा को 2015-16 में 21 लाख रूपए दिए थे। पर 2017-18 में यह राशि 43 गुना बढ़कर 9 करोड़ रूपए हो गई। वर्ष 2018-19 में इसमें भाजपा को 3 करोड़ रूपए और 2019-20 में 50 लाख रूपए दिए थे।

कोविड-19 के दौरान 2020 से 2022 के कंपनी, जो एक खास टैबलेट बनाती है, ने 350 करोड़ टैबलेट्स बेचीं और 400 करोड़ रूपए का राजस्व कमाया था।

2020-21 और 2021-22 में इसने भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया। जुलाई 2022 में कंपनी की 40 लोकेशन्स पर आयकर विभाग ने रेड की, उस पर 300 करोड़ रूपए की कर चोरी का आरोप लगा साथ ही यह आरोप भी लगा कि अपनी दवा प्रिस्क्राइव करने के लिए इसने डॉक्टर्स को 1,000 करोड़ रूपए के तोहफे बांटे।

न्यूज़लॉडरी डॉट कॉम ने भाजपा को डोनेशन देने वाली विभिन्न कंपनियों के नाम बताने के लिए जनता से अनुदान मांगा है।

## किसान आंदोलनकारी सुप्रीम कोर्ट पहुँचे, लोहे की कीलें, बैरिकेडिंग हटाने की मांग की

नई दिल्ली, 23 फरवरी। किसान आंदोलन अपनी मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुँच गये हैं, उनकी याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों के अधिकारों का हनन करने का भी आरोप लगाया है। याचिका में बैरिकेडिंग, लोहे की कीलें आदि की भी हटाने की मांग की गई है, जबकि किसान संगठनों से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी अनब्लॉक करने की मांग की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि किसान संगठनों द्वारा अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के आ ान के बाद केंद्र और कुछ राज्यों ने चेतावनी जारी की है और दिल्ली की सीमाओं का किलेबंदी कर दिया है।

इसके साथ ही याचिका में केंद्र व राज्य सरकारों को किसानों के साथ उचित और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने का भी निर्देश देने की मांग की है।

# मु.मंत्री शर्मा आज से पूर्वी राजस्थान के दौरे पर

- इस दो दिवसीय यात्रा में ई.आर.सी.पी. की सौगात के लिए कई जगहों पर मु.मंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा।

जयपुर, 23 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार और रविवार को पूर्वी राजस्थान के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एकीकृत ई.आर.सी.पी. की सौगात के लिए आमजन द्वारा अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली, गंगापुरसिटी, दौसा, टोंक व जयपुर जिलों के विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया जाएगा। शर्मा शनिवार को सबसे पहले अलवर के बड़ौदामेव व इसके पश्चात नगर, डीग व भरतपुर में ई.आर.सी.पी. आभार सभा को संबोधित करेंगे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री रविवार को धौलपुर के बाड़ी, करौली, सवाईमाधोपुर के भाडौती मोड़ व टोंक के निवाई में आभार सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान गंगापुरसिटी, लालसोट (दौसा) व चाकसू (जयपुर) सहित विभिन्न स्थानों पर आमजन के द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल (एकीकृत) ई.आर.सी. पी. योजना के त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. होने के बाद आमजन में खुशी की लहर है। इस योजना के मूर्त रूप लेने पर लाभान्वित जिलों के 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही, पेयजल व औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी मिल सकेगा।




# तृणमूल ने कांग्रेस के साथ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- आदिवासी महिलाओं द्वारा खुलकर ममता सरकार के खिलाफ आवाज़ उठाने से ममता बनर्जी भय व आतंक का जो आवरण बना रखा था उसमें दरार पड़ी है। इस भय से आतंकित ग्रामीण, आदिवासी जनता, ममता सरकार के खिलाफ मुंह नहीं खोल पाती थी। अतः अब भय का कवच टूटने से ममता बनर्जी को "राजनीतिक" नुकसान होगा।
- साथ ही, तृणमूल से समझौता करने से कांग्रेस को तृणमूल के अत्याचारों व यौन शोषण आदि के प्रचार में भागीदारी का नुकसान होगा।
- साथ ही कांग्रेस को, अब तक मार्क्सवादी ग्रुप के साथ बढ़ती निकटता को भी तिलांजलि देनी होगी। ममता बनर्जी के लिये मार्क्सवादी शत्रु नम्बर वन हैं।
- मजे की बात यह भी है कि, दोनों पार्टियों द्वारा सीट शेयरिंग समझौता करने से "राजनीतिक" नुकसान तो होगा ही, पर, यह समझौता प्रथम दिन से जमीन पर फेल ही होगा, क्योंकि कांग्रेस के आम कार्यकर्ता के लिये तृणमूल के कार्यकर्ता के साथ मिल कर बैठना असंभव है, क्योंकि ग्यारह साल से वह तृणमूल के वर्कर की दादागिरी से बुरी तरह से आतंकित रहा है।

सीट शेयरिंग समझौता ज़मीनी स्तर पर बहुत ही कड़वाहट भरा होगा, क्योंकि तृणमूल के गुण्डों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपमानजनक पीड़ा पहुंचाई थी। कांग्रेस के ज़मीन से जुड़े कार्यकर्ता इस समझौते को बिल्कुल पसन्द नहीं करेंगे, क्योंकि पिछले ग्यारह वर्षों में वे ही सबसे ज्यादा प्रताड़ित हुए हैं।

इससे बंगाल में माकपा और कांग्रेस में पनपी आपसी समझ खत्म होने का खतरा है। तृणमूल की धमकियों और हिंसा को झेल रही कांग्रेस और माकपा के बीच हाल ही में नज़दीकियां बढ़ी थीं। ममता बनर्जी वामपंथियों के साथ शायद कोई मेलजोल नहीं रखेंगी क्योंकि वे उनके परम शत्रु हैं।

अब कांग्रेस और माकपा के बीच सीट शेयरिंग या चुनावी समायोजन की बातचीत आरंभ होने से पूर्व ही एक तरह से समाप्त हो गई है और इस बात से दोनों ही पार्टियां आहत होंगी।

तृणमूल के साथ चुनावी अण्डरस्टैंडिंग का शायद यह बहुत अच्छा मौका नहीं है तथा कांग्रेस इससे स्वयं को कटघरे में खड़ा पाएगी क्योंकि संदेशखाली प्रकरण को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सर्वत्र भर्त्सना हो रही है। आरोप सार्वजनिक हो चुके हैं और तृणमूल पर उनका दाग लग चुका है।

इसमें कांग्रेस की कोई गलती नहीं है, लेकिन तृणमूल के साथ मेल-मिलाप करने के कारण वह भी इस कलंक की भागीदार हो जाएगी। तृणमूल के साथ असैद्धान्तिक सीट शेयरिंग समझौता करने के कारण संदेशखाली का सारा ठीकरा अब उसी के माथे फूटेगा, क्योंकि यहां अत्याचार करने वालों पर वहां की आम ग्रामीण महिलाओं से कई दिनों तक बलात्कार करने के आरोप हैं। गांव की महिलाएं सड़कों पर आकर तृणमूल के कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। पार्टी के उच्च स्तरों पर इन आरोपों को मानने से इंकार किया गया, लेकिन शिकायतों के जोर-शोर से होने के बाद प्रशासन को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

अब ये आरोप लगाए जा रहे हैं कि मुख्य आरोपी शेख शाहजहां क्यों अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है। इसे लेकर शिकायतें बढ़ रही हैं कि राज्य की मुख्यमंत्री एवं पुलिस मंत्री ममता बनर्जी शेख शाहजहां को संरक्षण प्रदान कर रही हैं।

इन कारकों ने ममता बनर्जी को बैकफूट पर ला दिया, जिससे बाध्य होकर उन्हें कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़ा।

ममता बनर्जी का झुकना उनकी प्राथमिकताओं और कठिन परिस्थिति का स्पष्ट संकेत दी हैं, जिनके बारे में उनका मानना है कि कांग्रेस वहां से कभी नहीं जीत सकती। ममता ने खराब स्थिति का सबसे अच्छा फायदा उठाते हुए बंगाल के बाहर अपनी पार्टी की थोड़ी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया है।

वह अपनी तृणमूल कांग्रेस का एक क्षेत्रीय पार्टी का दर्जा हटाने के लिए बेचैन हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद वह पश्चिम बंगाल के बाहर अपनी पार्टी का जनाधार बढ़ाने में विफल रही हैं, लेकिन फिर भी प्रासंगिक बने रहने और राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण बनने की उनकी महत्वाकांक्षा सर्वोपरि है।

यह सबसे बुरा हुआ क्योंकि डर और भय का परदा भेदा जा चुका है। जनता तृणमूल के आगे खड़ा होने का साहस जुटा चुकी है। टी.वी. चैनल्स पर दिखाई गई इस सार्वजनिक उपेक्षा से तृणमूल का भय कमजोर पड़ चुका है।

## किशनगढ़ में शुरू हुआ भारतीय किसान संघ का सम्मेलन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- तीन दिन चलने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 60 जिलों से 1500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

नई दिल्ली, 23 फरवरी। राजस्थान के किशनगढ़ में आर.एस.एस. से सम्बद्ध भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों का 3 दिवसीय सम्मेलन इस संकल्प के साथ शुरु हुआ है कि, इस संगठन की सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक लाख ग्राम समितियां स्थापित की जाएंगी।

संघ के अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी ने सम्मेलन में कहा कि, यह साल सदस्यता का साल है और संघ के चुनावों का है। सम्मेलन में प्रतिनिधियों ने संगठन को आगे बढ़ाने की शपथ ली और देश के लिए भलाई का कार्य करने की इस नारे के लिए प्रतिज्ञा की कि, "संगठन गढ़े चलो, सुपथ पर बढ़े चलो।" सम्मेलन में सहभागिता करने के लिए देश के 60 जिलों से लगभग 1500 प्रतिनिधि आए हैं। इनमें से वे बिहार, मध्य प्रदेश, केरल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू व काश्मीर, पंजाब, दिल्ली, वर्धा, गोवा, तेलंगाना, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ व झारखंड प्रदेशों से हैं। राष्ट्रीय महासचिव मोहिनी मोहन मिश्रा ने कहा कि, सम्मेलन में भाग लेने वालों ने जो वेशभूषा पहने हुई थी उससे सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों की भिन्न-भिन्न संस्कृति की झलक देखने को मिल रही थी। सम्मेलन किसानों के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी और कहा कि ओर सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को एक संकल्प भी पारित किया जाएगा।

## 'भाजपा अपनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जनसभा भी करेंगे। फिर अगले दिन कृष्ण नगर भी जाएंगे, जहां उनके कई कार्यक्रम हैं।

इस सीट से तृणमूल नेता महुआ मोईत्रा सांसद थीं। प्रधानमंत्री 6 मार्च को फिर बंगाल आएंगे और बारासात में सभा करेंगे। यहां भी एक बड़ी सभा करने की योजना है। बारासात भी उसी जिले का भाग है जिसमें संदेशखाली शामिल है।

गत कुछ सप्ताहों से संदेशखाली में काफी समस्याएं है। प्रदेश भाजपा नेता बारासात रैली में 20,000 महिलाओं को शामिल करने की योजना बना रहे हैं।

## मु.मंत्री भजन लाल ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संस्कृति का अवतरण यहीं से हुआ। अवध क्षेत्र में आने के कारण सीतापुर भगवान राम और माता सीता की धरती है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की कार्यशैली पर जमकर प्रहार किये। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी की पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक पूरे देश में तूती बोलती थी, फिर भी उनकी सरकार 70 साल गरीबी के नाम पर वोट मांगती रही। आज उसी पार्टी द्वारा क्षेत्रीय दलों से एक-एक सीट मांगी जा रही है। उन्होंने कहा कि, 2014 से पहले और 2014 के बाद के भारत का फर्क साफ दिखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें देश के नागरिक होने का फर्ज निभाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न दायित्वों के साथ पार्टी के लिए उन्होंने सदैव समर्पण भाव रखते हुए कार्य किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया और कहा कि, लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है और पुनः भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचना है।

प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का संचालन जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर प्रभारी, उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, सांसद राजेश वर्मा, सांसद अशोक रावत तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सीतापुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जगह- जगह स्वागत किया।

## 13 मार्च के बाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाद, चुनाव आयोग, चुनाव संचालन की सुरक्षा के लिए, केन्द्रीय सशक्त पुलिस बलों की जरुरत पर चर्चा करेगा।

चुनाव आयोग निष्पक्ष लोकसभा चुनावों, जो संभवतः मई से पहले होने वाले हैं, के लिए पहली बार "आर्टिफिशल इंटेलीजेंस" तकनीक का इस्तेमाल करने जा रहा है। आयोग में, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस का एक समर्पित संभाग तैयार किया गया है जो, सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लैटफॉर्म पर झूठी सूचनाओं को रोकने एवं दूर करने का काम करेगा।

अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि, चुनावों के दौरान सोशल मीडिया पर झूठे और भड़काऊ तथ्यों को तेजी से हटाया जाएगा। यदि कोई पार्टी या उम्मीदवार नियमों का बार-बार उल्लंघन करता है तो आयोग कठोर कार्यवाही करेगा, उदाहरण के लिए सोशल मीडिया प्लैटफार्म को कहकर उनके खाते निलंबित या बंद करवाना। अधिकारियों के अनुसार, आयोग तथ्यों की जांच, झूठी सूचनाओं को रोकने तथा संवेदनशील स्थानों में ज्यादा सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

चुनाव आयोग के डेटा दिखाते हैं कि आगामी लोकसभा चुनावों में 96.88 करोड़ व्यक्ति, वोट डालने के योग्य हैं। यह विश्व में मतदाताओं (किसी एक देस की) सबसे बड़ी संख्या है। मतदान निकाय के अनुसार एक करोड़ पिच्यासी लाख, 18-19 वर्षीय युवा पहली बार वोट डालने के लिए पंजीकृत हुए हैं।

## केन्द्रीय ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महंगाई राहत में वृद्धि तय करती है।

महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को तथा महंगाई राहत पेंशन भोगियों को दी जाती है, इसमें वर्ष में दो बार, जनवरी व जुलाई में वृद्धि की जाती है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908